दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी

सांता क्लॉज.....



क्रिसमस का उपहार

वर्ष : 11 | अंक : 05 | लखनऊ, 21 दिसम्बर, शनिवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# सीएम योगी आदित्यनाथ ने सनातन धर्म का सम्मान करने का आह्वान किया

## हिंदुओं के खिलाफ अन्याय की आलोचना की

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सशक्त बयान में वैश्विक सभ्यता को संरक्षित करने के लिए सनातन धर्म का सम्मान करने और उसका सम्मान करने के महत्व पर जोर दिया। अयोध्या में एक कार्यक्रम में बोलते हुए सीएम योगी ने कहा कि भारत के ऋषियों ने प्राचीन ज्ञान के बारे में बात की, जिसमें वसुधैव कुटुम्बकम का वर्णन किया गया - पूरे विश्व का एक परिवार। उन्होंने यह भी कहा कि यह धर्म हमेशा अन्य धर्मों और समुदायों के प्रति दयालु रहा है, खासकर संकट के समय उन्हें आश्रय प्रदान करके।

योगी आदित्यनाथ ने सवाल उठाया कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले हिंदुओं को ऐसा सम्मान क्यों नहीं दिया गया है। मंत्री ने हिंदुओं पर अतीत में लगाए गए प्रतिबंधों का जिक्र करते हुए, खासकर बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में, जब उन्हें निशाना बनाया गया और नष्ट कर दिया गया, मंदिरों और धार्मिक स्थलों का जिक्र किया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि काशी, अयोध्या, संभल और भोजपुर जैसे हिंदुओं के मंदिरों पर इतिहास में बार-बार हमला किया गया और उन्हें अपवित्र किया गया। योगी आदित्यनाथ ने अपने एक भावुक भाषण में मुगल बादशाह औरंगजेब के बच्चों का भी जिक्र किया। उन्होंने औरंगजेब के परिवार के एक सदस्य के बारे में एक घटना सुनाई, जो उनके अनुसार कोलकाता के पास रिक्शा चलाते हुए पाया गया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर औरंगजेब और उसके परिवार ने हिंदू धर्म और उसके पूजा स्थलों को नुकसान नहीं पहुंचाया होता तो औरंगजेब के परिवार को बाद की पीढ़ियों में दुर्भाग्य का सामना नहीं करना पड़ता। उनके बयान ने धार्मिक सहिष्णुता और पूरे इतिहास में धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार पर व्यापक बहस छेड़ दी। ये टिप्पणियां भारत में धार्मिक पहचान, सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक आख्यान को लेकर चल रही बहसों को दर्शाती हैं, जिसमें सीएम योगी ने दुनिया भर में शांति और एकता को बढ़ावा देने के लिए सनातन धर्म को बनाए रखने के महत्व को दोहराया।

# बाबा साहेब अंबेडकर को लेकर शाह और राहुल गांधी पर भड़कीं मायावती

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमों और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में बाबा साहेब अंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर बीजेपी के साथ-साथ कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों पर जर्बदस्त हमला बोला हैं। बीएसपी सुप्रीमो ने भी कहा है कि अमित शाह को उन शब्दों को वापस लेकर पश्चाताप करना चाहिए. इतना ही नहीं मायावती ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर कहा कि जगह-जगह संविधान लहराना और नीले रंग के कपड़े पहनना दिखावे की सस्ती राजनीति है।

मायावती ने कहा कि संसद में दलित और उपेक्षित वर्गों के मसीहा परमपूज्य बाबा साहेब अंबेडकर के बारे में अमित शाह ने जिन शब्दों का इस्तेमाल किया है, उससे इन वर्गों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। ऐसे में उन शब्दों को वापस लेकर इनको पश्चाताप भी जरूर करना चाहिए। कांग्रेस, बीजेपी और उसके सहयोगी पर भड़कते हुए बीएसपी सुप्रीमो ने कहा कि इनकी चाल, चरित्र और चेहरा बाबा साहेब अंबेडकर और उनके करोड़ों दलित-पिछड़े, शोषित-पीड़ित अनुयाइयों के हित व कल्याण के प्रति हमेशा संकीर्ण, जातिवादी रहने के कारण इनके सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक हालात लगातार बदतर हैं।

बहन मायावती ने उक्त दलों को एक ही थैली के चट्टे-बट्टे बताते हुए कहा कि अंबेडकर के प्रति दिल से सम्मान नहीं करना और उनके अनुयाइयों के खिलाफ अन्याय-अत्याचार तथा इनको संवैधानिक व कानूनी हक देने के बजाय छीनने में भी यह पार्टियां एक ही थैली के चटटे-बट्टे हैं। इसको लेकर सत्ता और विपक्ष के बीच जारी तकरार केवल वोट के स्वार्थ की राजनीति है। मायावती ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि संविधान का जगह-जगह लहराना और नीला रंग पहनना आदि दिखावे की सस्ती राजनीति है। यह सब करने के पहले सत्ता व विपक्ष दोनों को अपने दिल में पड़े संकीर्णता, जातिवाद एवं द्वेष आदि के कालेपन को साफ करके पाक-साफ करना होगा तभी इन वर्गों का व देश का भी सही हित संभव है।

**मौसम**

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 23.c |
| न्यूनतम तापमान | 7.c |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 81,526.14 |
| निफटी | 24,641.80 |

# मुंबई में हुए बोट हादसे में पीड़ित का आया बयान, ड्राइवर पर लगाया स्टंट करने का आरोप

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

मुंबई बात हादसे में बड़ा खुलासा हुआ है। मुंबई तट के पास यात्री नौका 'नील कमल' से टकराने वाली नौसेना की स्पीडबोट में सवार 14 लोगों की मौत हो गई थी। इस दुर्घटना में जीवित बचे एक व्यक्ति ने बताया कि इस नाव का चालक 'मस्ती के मूड' में था और 'दिखावा' कर रहा था। इस हादसे में जीवित बचे गौतम गुप्ता की चाची भी उन 14 मृतकों में शामिल है जिन्होंने अपनी जान गंवाई है। पीड़ित उस भयावह स्पीडबोट-फेरी टक्कर से पहले के क्षणों को याद किया जिसमें नौसेना कर्मियों सहित 14 लोग मारे गए थे। पालघर जिले के नालासोपारा निवासी सब्जी विक्रेता गुप्ता अपनी चाची और रिश्तेदारों के साथ उसी नांव पर सवार थे। ये सभी लोग गुप्ता की शादी के लिए मुंबई आए थे। उन्होंने नौसेना के इस दावे का खंडन किया कि दुर्घटना का कारण इंजन की विफलता थी। उन्होंने जहाज के चालक को दिखावा करने वाला व्यक्ति बताया। गुप्ता सहित कई यात्री उस चालक का वीडियो बनाने में व्यस्त थे जो पानी में इधर-उधर घूम रहा था। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, ऐसा लगा जैसे कोई प्रदर्शन चल रहा था। उन्होंने बताया, ड्राइवर मस्ती के मूड में था और पानी में इधर-उधर घूम रहा था। अचानक उसने स्पीडबोट मोड़ दी और सीधे हमारी ओर बढ़ गया। उसने सोचा होगा कि वह हमारी नौका के पास से बाल-बाल बच जाएगा, लेकिन उसका यह स्टंट दुखद रूप से सब कुछ खत्म कर गया। उन्होंने बताया कि शुरूआत में स्थिति की गंभीरता को समझ पाना मुश्किल था, क्योंकि स्पीडबोट में सवार एक व्यक्ति को नौका पर फेंक दिया गया था। हमने मान लिया था कि हमारी नौका सुरक्षित है और कोई नुकसान नहीं हुआ है। लेकिन जल्द ही नौका डूबने लगी। उन्होंने कहा, टक्कर से पहले स्पीडबोट चालक आराम से चल रहा था और उसमें सवार यात्री शांत दिख रहे थे।

# राहुल के खिलाफ प्राथिमकी से दिखता है कि सत्तापक्ष में हताशा किस स्तर की है: प्रियंका गांधी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने को लेकर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और कहा कि इस बात से पता चलता है कि सत्तापक्ष में किस स्तर की हताशा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के लोग बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर का अपमान सहन नहीं करेंगे। दिल्ली पुलिस ने संसद परिसर में हुई धक्का-मुक्की के सिलसिले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ बृहस्पतिवार को प्राथमिकी दर्ज की। इससे पहले दिन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ पुलिस को एक शिकायत देकर उन पर संसद परिसर में धक्का-मुक्की के दौरान शारीरिक हमला और उकसावे में शामिल होने का आरोप लगाया। राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी के बारे में पूछे जाने पर प्रियंका गांधी ने संवाददाताओं से कहा, आज पूरा देश देख रहा है कि भाजपा के लोगों ने राहुल गांधी जी पर तमाम मामले दर्ज करा रखे हैं। वे नित नई प्राथमिकी दर्ज कराते हैं और झूठ बोलते हैं। यह उनकी हताशा का स्तर दिखाता है। प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया, यह सरकार अदाणी पर चर्चा से डरती है, किसी भी चर्चा से डरती है। अब उन्होंने जो किया है, उनके मन में आंबेडकर जी के प्रति जो असली भावना थी वह सामने आ गई है। उन्होंने कहा, अब वे विपक्ष से डर रहे हैं, क्योंकि अब हम इस मुद्दे को उठा रहे हैं। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि देश का संविधान बाबासाहेब आंबेडकर, भारत की जनता और आजादी की लड़ाई की देन है। प्रियंका गांधी ने इस बात पर जोर दिया, बाबासाहेब का अपमान हिंदुस्तान नहीं सहेगा।

**संक्षिप्त समाचार**

### तटरक्षक बल ने गुजरात के तट से घायल मछुआरे को बचाया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने गुजरात के अमरेली जिले में पीपावाव बंदरगाह से करीब 110 किलोमीटर दूर अरब सागर में नौका पर सवार एक घायल मछुआरे को बचा लिया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि बुधवार को पीपावाव स्थित आईसीजी स्टेशन को मछुआरे की एक नौका से चिकित्सकीय आपातकाल की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद, उस क्षेत्र में निगरानी कर रहे आईसीजी पोत सी-409 को बचाव कार्य की जिम्मेदारी दी गई। सूचना मिलते ही आईसीजी पोत ने नौका से त्वरित संपर्क स्थापित किया और तेजी से मौके पर पहुंचकर घायल मछुआरे - देवा उका डाभी (31) को सफलतापूर्वक बाहर निकाल लिया।

### भारत परोपकार के लिए तैयार, दुनिया के लिए गुरु बन सकता है: आरएसएस प्रमुख

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को कहा कि विश्व को एक गुरु की जरूरत है और भारत वह गुरु बन सकता है। वह विश्वगुरु भारत विषय पर एक कार्यक्रम में व्याख्यान दे रहे थे। उन्होंने कहा, हर कोई सोचता है कि भारत को विश्व गुरु होना चाहिए। दुनिया कुछ सकारात्मक विचारों के साथ आगे बढ़ रही है और सुविधाओं तथा सेवाओं में वृद्धि हुई है, लेकिन चारों ओर शांति नहीं है। दुनिया के कुछ हिस्सों में युद्ध हो रहे हैं, जबकि प्रदूषण बढ़ रहा है।

# शीतकालीन सत्र के दौरान स्थगन, व्यवधान के कारण बर्बाद हुए 65 घंटे

## छाया रहा अडानी-सोरोस का मुद्दा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में बड़े पैमाने पर व्यवधान का सामना करना पड़ा। अकेले तीसरे सत्र में 65 घंटे और तीनों सत्रों में कुल मिलाकर 70 घंटे से अधिक का नुकसान हुआ। सत्र, जो 25 नवंबर को शुरू हुआ था, 19 दिसंबर को हुई हाथापाई पर विपक्षी सांसदों के लगातार विरोध के बीच अनिश्चित काल के लिए घोषित होने के बाद आज अचानक समाप्त हो गया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा को महत्वपूर्ण व्यवधानों का सामना करना पड़ा, पहले सत्र में कुल 5 घंटे और 37 मिनट, दूसरे सत्र में 1 घंटे और 53 मिनट और आश्चर्यजनक रूप से 65 घंटे और 15 मिनट का नुकसान हुआ। पहला सत्र एनडीए और कांग्रेस द्वारा बिजनेस टाइकून गौतम अडानी के साथ और बाद में अरबपति जॉर्ज सोरोस के साथ संबंध को लेकर एक-दूसरे पर कटाक्ष करने से बाधित हुआ।

निचले सदन ने पहले सत्र के दौरान 34.16 घंटे की चर्चा दर्ज की, जो दूसरे सत्र में बढ़कर 115.21 घंटे हो गई। हालाँकि, तीसरे सत्र में यह आंकड़ा घटकर मात्र 62 घंटे रह गया, जो बढ़ते व्यवधानों के प्रभाव को दर्शाता है। सत्र में पहले चरण में सात बैठकें, दूसरे में 15 और तीसरे में 20 बैठकें शामिल थीं। चुनौतियों के बावजूद, सांसदों ने लंबित एजेंडों को संबोधित करने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित की, अक्सर सूचीबद्ध कार्यों को पूरा करने के लिए बैठकें बढ़ा दी गईं। सांसदों ने कुल सात घंटे देर तक काम किया, जबकि दूसरे सत्र में, उन्होंने अतिरिक्त 33 घंटे काम किया। अशांत तीसरे सत्र के दौरान, खोए हुए समय को पुनः प्राप्त करने के प्रयास में सदन ने कार्यवाही को 21.7 घंटे तक बढ़ा दिया।

पहले सत्र में सरकार की ओर से कोई विधेयक पेश नहीं किया गया। सरकार ने दूसरे सत्र में 12 विधेयक पेश किए, जिनमें से चार लोकसभा में पारित हो गए। तीसरे सत्र में सरकार ने पांच विधेयक पेश किये जिनमें से चार को मंजूरी दे दी गयी। तटीय शिपिंग बिल, 2024, मर्चेंट शिपिंग बिल, 2024, संविधान (एक सौ उनतीसवां संशोधन) बिल, 2024, केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल, 2024 और विनियोग (नंबर 3) बिल, 2024 लोकसभा के तीसरे सत्र में पेश किये गये।

# ईडी ने पोंजी मामले में तलाशी अभियान के दौरान 1.02 करोड़ रुपये जब्त किए

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने कल्पतरु ग्रुप ऑफ कंपनीज के खिलाफ कथित पोंजी योजना से जुड़े धनशोधन मामले में उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर तलाशी के बाद 1.02 करोड़ रुपये नकद जब्त किए हैं। केंद्रीय एजेंसी ने बताया कि बुधवार को आगरा, मथुरा और नोएडा में 16 ठिकानों पर छापेमारी की गई, जिसमें मुख्य आरोपी दिवंगत जयकिशन राणा की पत्नी मिथिलेश सिंह, राणा के करीबी सहयोगियों, चार्टर्ड अकाउंटेंट, दलाल और कुछ एजेंट शामिल हैं। ईडी ने एक बयान में दावा किया कि हजारों लोगों को उनके निवेश पर उच्च रिटर्न के नाम पर या उनके निवेश के बदले में उन्हें जमीन और प्लॉट प्रदान करने के नाम पर धोखा दिया गया। मामले में टिप्पणी के लिए कारोबारी समूह से संपर्क नहीं हो सका। धनशोधन का यह मामला उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा कल्पतरु समूह की कंपनियों के निदेशकों, प्रवर्तकों, एजेंट और प्रबंधकों के खिलाफ दर्ज 74 प्राथमिकी से जुड़ा है।

# जयपुर में हुआ भीषण हादसा, सीएनजी ट्रक में ब्लास्ट के कारण 6 लोगों की मौत, 46 आए चपेट में

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, राजस्थान के जयपुर में एक भीषण ट्रक हादसा हो गया है। शुक्रवार की सुबह एक खौफनाक खबर के साथ हुई है। जयपुर में एक सड़क हादसे में एक सीएनजी ट्रक में आग लग गई। जयपुर में अजमेर रोड के पास सीएनजी ट्रक और एक ट्रक की टक्कर हो गई। इसके बाद धमाका हुआ, जिससे आग लग गई। इस हादसे में छह लोग जिंदा जल कर मर गए है। इस हादसे में 40 लोग झुलस गए है। ये हादसा इतना भीषण था कि इसमें 40 गाड़ियां भी जलकर खाक हो गई। इन सभी गाड़ियों में कई लोग बैठे थे, जिन्होंने भाग कर अपने जान बचाई है। जानकारी के मुताबिक हादसा जयपुर के भांकरोटा इलाके में सुबह 5.00 बजे हुआ। इस हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस, दमकल विभाग की टीम तत्काल घटनास्थान पहुंची। इस आग को बुझाने में दमकल विभाग की कई गाड़ियां घंटे तक जूझती रही। इस हादसे में छह लोगों ने अपनी जान गंवाई है। दुर्घटना स्थल से दूर से लिए गए वीडियो में आग लगने वाले वाहनों से उठते घने धुएं का गुबार दिखाई दे रहा है। पीटीआई ने भांकरोटा स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) मनीष गुप्ता के हवाले से बताया, आग ने कई ट्रकों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में शामिल ट्रकों की संख्या स्पष्ट नहीं है। कुछ लोग झुलस गए हैं, जिन्हें एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया है।

दुर्घटना के कारण राजमार्ग का करीब 300 मीटर हिस्सा प्रभावित हुआ, जिससे यातायात बाधित हो गया और वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस बीच, घायलों को एसएमएस अस्पताल पहुंचाने के लिए यातायात गलियारा खोला गया।

# अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की

## आतंक के पूरी तरह खात्मे के लिए सुरक्षा बलों व पुलिस को दिये खास निर्देश

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विश्वास जताया है कि आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर हासिल करने का लक्ष्य जल्द ही साकार होगा। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को क्षेत्र में आतंकवाद पर पूरी तरह लगाम लगाने का निर्देश दिया है। केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए गृह मंत्रालय में एक उच्चस्तरीय बैठक के दौरान शाह ने कहा कि आतंकवाद के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति के अनुरूप हम जल्द से जल्द आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर के लक्ष्य को हासिल करेंगे।

### केंद्रीय गृह मंत्रालय का बयान

हम आपको बता दें कि मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि शाह ने आश्वासन दिया कि इस अभियान का समर्थन करने के लिए सभी आवश्यक संसाधन आवंटित किए जाएंगे। गृह मंत्री ने केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला और इस बात पर जोर दिया कि सभी सुरक्षाबलों के संयुक्त प्रयासों से जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने का दृढ़ संकल्प लिया गया है। उन्होंने विधानसभा और लोकसभा दोनों चुनावों में स्थानीय लोगों की उल्लेखनीय भागीदारी को लोकतंत्र में उनके विश्वास का प्रमाण बताया। हम आपको बता दें कि हाल में हुए जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के बाद केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए शाह की यह पहली बैठक थी। सितंबर-अक्टूबर में हुए विधानसभा चुनाव में उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में नेशनल कॉन्फ्रेंस की सरकार बनी है। बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के अलावा सेना, अर्धसैनिक बलों, जम्मू-कश्मीर प्रशासन, खुफिया एजेंसियों और गृह मंत्रालय के शीर्ष अधिकारी शामिल हुए।

वर्ष 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और तत्कालीन राज्य जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद, जम्मू और कश्मीर में कानून-व्यवस्था केंद्र सरकार के अधीन आ गई है। जम्मू-कश्मीर में छिटपुट आतंकी घटनाएं जारी हैं। 20 अक्टूबर को मध्य कश्मीर में आतंकी हमले में सात लोगों की मौत हो गई थी। इससे पहले घाटी में काम करने वाले बाहरी लोगों पर भी हमले हुए थे।

### केंद्रीय गृह मंत्री से मिले उमर अब्दुल्ला

इस बीच, जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और राज्य का दर्जा जल्द बहाल करने तथा आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में निर्वाचित सरकार को शामिल करने सहित विभिन्न प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। उमर ने 16 अक्टूबर को केंद्र शासित प्रदेश के मुख्यमंत्री का पदभार संभालने के बाद दूसरी बार शाह से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बातचीत सौहार्दपूर्ण तरीके से हुई। उन्होंने कहा, हमें हमेशा बेहतर माहौल में काम करने की उम्मीद है ताकि जम्मू कश्मीर के लोगों को इसका लाभ मिल सके।

## दो शातिर चोर गिरफ्तार दो चोरी का ई-रिक्शा बरामद

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कृष्णा नगर पुलिस ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र स्थित लोकबन्धु अस्पताल के निकट सुलभ शौचालय को पास से बैटरी ई रिक्शा चोरी करने वाले दो शातिर चोरो को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने गिरफ्त में आए शातिरों की निशानदेही पर चोरी का ई रिक्शा बरामद कर शातिर चोरो को बरामदगी के आधार पर दर्ज मुकदमे के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि पकड़े गए शातिरों ने पुलिस पूछताछ में अपना परिचय बलबीर हरिजन पुत्र किशन लाल निवासी देवपुर मोड़ सोनिया नगर पारा थाना पारा व दूसरे ने परिचय निखिल मिश्रा पुत्र वेद प्रकाश मिश्रा रजनी खण्ड थाना आशियाना लखनऊ निवासी के रूप में दिया है।

## पैसे कमाने का लालच दे 4 लाख 55 हजार रुपए कराये ट्रांसफर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, आलमबाग के साकेतपुरी में रहने वाले एक युवक को डिजिटल अपराधियों ने घर बैठ मोबाईल द्वारा पैसे कमाने का लालच दे पिता पुत्र के खाते से लाखो रुपये ट्रांसफर करा लिऐ पीड़ित ने साइबर सेल समेत आलमबाग थाने पर शिकायत की है आलमबाग इंस्पेक्टर कपिल गौतम ने बताया कि आलमबाग के साकेतपुरी निवासी अमित सिंह पुत्र राम भरोसे के अनुसार बीती 3 दिसम्बर को ऑनलाइन काम कर पैसा कमाने का एक मैसेज उनके व्हाट्सअप नंबर आया जिसमे गूगल मैप्स पर फीडबैक देने का कार्य दिया गया काम पुरा होने पर पैसे भी मिले फिर कुछऐसे कार्य के टॉस्क दिए गए जिसमे पैसा निवेश कर अच्छे प्रॉफिट का लाभ देने का लालच दिया गया और छोटे निवेश पर लाभ दिया भी गया इसके बाद बड़े टास्क दिए गए प्रलोभन में आये युवक ने बड़े टास्को को स्वीकार कर बड़े पैमाने पर निवेश करना शुरू किया और लगातार एक के बाद कई निवेश किये लेकिन पैसा वापस नहीं मिला पीड़ित के अनुसार उसने अपने और अपने पिता की खाते से कुल 4 लाख 55 हजार रुपये निवेश कर दिए लेकिन उधर से कहा गया कि आपका खाता फ्रिज कर दिया गया है

# कंट्रोल रूम के पास लगे कैमरे में कैद हुई बाघ की तस्वीर

## बाघ की लोकेशन पकड़ने के लिए एक्सपर्ट पहुंचे रहमान खेड़ा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। जंगल के किनारे स्थित रेलवे लाइन के पास सड़क पर शुक्रवार सुबह बाघ चहल कदमी करते हुए दिखा। इसके बाद वह केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान में वन विभाग की तरफ से लगाए गए कैमरे में कैद हो गया।

वन विभाग का मानना है कि रहमान खेड़ा से करीब दस किलोमीटर जाने के बाद बाघ फिर से लौट रहा है। वह शिकार की तलाश में है। दरअसल, शिकार किए आठ दिन का समय बीतने के बाद बाघ भोजन की तलाश में लौटा है।

डीएफओ अवध सितांशु पांडेय ने शुक्रवार को टीम के साथ बाघ के देखे जाने वाले संभावित जगहों पर दौरा किया और उनकी निगरानी के लिए लगाए गए कैमरों को देखा।

डीएफओ का कहना है कि रहमान खेड़ा रेलवे लाइन के आसपास बाघ देखे जाने के बाद वन विभाग की टीम



पोल पर लगे कैमरे में कैद हुई बाघ की तस्वीर

विशेष ध्यान रख रही है। वन विभाग के साथ ही लखीमपुर खीरी और सीतापुर से विशेषज्ञों की टीम को बुलाया गया है।

### मचान बनाकर होगी बाघ की निगरानी

वन विभाग टीम ने बाघ की निगरानी के लिए मचान बना रहा है, जहां से उसे देखने में आसानी होगी।

डीएफओ का कहना है कि एक दो दिन में मचान तैयार हो जाएगा। जनवरी 2012 में रहमान खेड़ा में आए बाघ की निगरानी मचान से की गई थी और 25 अप्रैल 2012 को सुबह उसे मचान में बैठे निशानेबाज ने गन से बेहोशी का इंजेक्शन देकर बाघ को काबू किया गया था और बाद में उसे दुधवा नेशनल पार्क ले जाकर छोड़ा गया था।

### शुक्रवार को कहां-कहां दिखा बाघ (कैमरे में कैद)

सुबह चार से पांच बजे के बीच रहमान खेड़ा कंट्रोल रूम के पास बिजली पोल के पास सुबह चार बजे रहमान खेड़ा रेलवे लाइन के किनारे केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान दीवार के पास सुबह 9.30 बजे ग्राम मंडौली के पास नाले के आसपास शाम साढ़े चार बजे खालिसपुर, मीठेनगर, सहिलामऊ, मंडौली और उलरापुर में आसपास के गांवों में छाया सन्नाटा।

रहमान खेड़ा के आसपास दर्जनों गांवों में बाघ की दहशत है। रहमान खेड़ा, मीठेनगर और फिर जगह बदलता रहा। हलुवापुर, कटौली, उलारापुर, सहिलामऊ, सन्यासीबाग, गुरुदीन खेड़ा, मेंथीपुर और गोखौरा में बाघ के पहुंचने के बाद से गांव में सन्नाटा पसरा है। पालतू पशुओं की सुरक्षा के साथ घरों के अंदर ही रखा जा रहा है। लोगों ने खेतों में जाना और लकड़ी बीनने का भी काम बंद कर दिया है। बारह दिसंबर को रहमान खेड़ा के केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के ब्लाक नंबर चार के पास जंगल में नीलगाय का शिकार करने के दो दिन बाद से बाघ ने अपनी लोकेशन को बदला है और वह आबादी के बीच पहुंच रहा है। जगह-जगह उसके पदचिह्न मिल रहे हैं।

### नए सिरे से बनेगी रणनीति

वन विभाग की ओर से अब बाघ को पकड़ने के लिए नए सिरे से रणनीति तैयार की जा रही है। चूंकि अब यह साफ है कि बाघ ने एरिया नहीं बदला है, ऐसे में अब नए सिरे से उसे पकड़ने के लिए अलग-अलग चरणों में कोशिश शुरू कर दी गई है।

## नगर निगम के कर्मचारी ही स्वच्छता अभियान की उड़ा रहे धज्जियां

अमन लेखनी समाचार

राजधानी में जहां स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है तो वहीं नगर निगम के लापरवाह कर्मचारियो के द्वारा इस अभियान की धज्जियां भी उड़ाई जा रही हैं। कर्मचारी साफ सफाई करने के नाम पर सिर्फ छलावा ही कर रहे हैं। जहां कही साफ सफाई भी करते है तो कूड़े को उसी के आस पास ही शिफ्ट कर देते हैं ऐसे में आस पास के लोगों को रहना मुश्किल हो जाता है। ऐसा ही आलम लखनऊ के नरही में स्थित विद्या मंदिर गर्ल्स हाईस्कूल विद्यालय के पास का है जहां पर नगर निगम के कर्मचारी आस पास का कूड़ा उठाकर इसी विद्यालय के सामने डाल देते है। इतना ही नहीं इसी कूड़े पर राहगीरों के द्वारा मल मूत्र भी फेंका जाता है बावजूद इसके नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है। आसपास के लोगों के द्वारा नगर निगम के अधिकारियों को इसकी लिखित शिकायत भी की गई लेकिन किसी ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जिसके चलते क्षेत्र के लोगों में खासी नाराजगी है। विद्या मंदिर गर्ल्स कॉलेज में छात्राएं पढ़ाई करती है। स्कूल प्रशासन के द्वारा भी कई बार नगर निगम के अधिकारियों को शिकायत की गई है लेकिन किसी के द्वारा भी इस कूड़ेदान को हटावाने का काम नहीं किया गया है बल्कि इसमें दिन ब दिन नगर निगम के लापरवाह कर्मचारियों के द्वारा कूड़ा डालकर चार चांद लगाने का काम किया जा रहा है। वही इसी विद्यालय के पास में ही उच्च न्यायालय के विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट गिरीश कुमार पांडे का चेंबर है जहां पर प्रतिष्ठित लोगों का आवागमन बना रहता है लेकिन इस कूड़े के ढेर से निकल रही दुर्गंध युक्त हवा से यहां का भी माहौल खराब है।

## पेशबंदी में विपक्षी पर मुकदमा दर्ज की मांग को लेकर दर्जनों अधिवक्ताओं ने थाना में किया धरना प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली में दर्ज मुकदमे की जानकारी होने पर शुक्रवार को अधिक संख्या में पहुंचे अधिवक्ताओं ने पेशबंदी में विपक्षी पर मुकदमा दर्ज की मांग को लेकर थाना परिसर में बैठ धरना प्रदर्शन करने लगे। वहीं प्रदर्शन की जानकारी होने पर कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी ने प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं को मामले की जांच कर मुकदमा दर्ज करने का अश्वासन दे प्रदर्शन समाप्त कराया। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के आजाद नगर में रहने वाली महिला गौसिया खान पत्नी स्व महताब आलम के अनुसार उसके पति का देहांत जनवरी 23 में हुआ थो जिसके बाद से ही सास और जेठानी उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था और मारपीट भी कराती थी आरोप है कि उसके जेठ आफताब आलम तथा देवर सादाब आलम बदनीयत की भावना से उसके साथ अश्लील हरकत और छेड़खानी का प्रयास करते रहते विरोध पर उसके साथ गाली गलौज मारपीट करते है। वहीं पीड़िता का कहना था कि उसने इस बात की जानकारी अपनी सास व जेठानी को दी तो उन लोगों ने उसके ससुराल वाले घर से निकल जाने की बात कहते हुए उसे दूसरी शादी करने की बात कहते हुए उसे ससुराल में रहने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा अपनी सास जेठ जेठानी व देवर के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। जिसकी जानकारी होने पर आज शुक्रवार शाम अधिक संख्या में अधिवक्ताओं ने थाने पहुंच पेशबंदी में विपक्षी पर मुकदमा दर्ज की मांग को लेकर प्रदर्शन किया है। वहीं प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं को मामले की जांच कर मुकदमा दर्ज करने का अश्वासन दे प्रदर्शन समाप्त कराया गया है।

## सहज संवाद से संभव है जन समस्याओं का प्रभावी समाधान - डॉ. राजेश्वर सिंह

**जन संवाद: डॉ. राजेश्वर सिंह ने सुनीं जनसमस्याएं, मेधावियों को टैब देकर किया सम्मानित**

**डॉ. राजेश्वर सिंह ने जनसंवाद कर सुनीं समस्याएं, त्वरित समाधान पाकर खिल उठे आवेदकों के चेहरे**

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने शुक्रवार को पराग चौराहा, आशियाना पर जन संवाद कर सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं एवं प्रभावी समाधान के लिए आश्वस्त किया। इस दौरान तारा शक्ति केन्द्रों एवं रण बहादुर सिंह डिजिटल शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण केन्द्रों की स्थापना के प्रस्ताव सहित सरोजनी नगर के विकास सम्बंधित अनेक सुझाव भी प्राप्त किए।

डॉ. सिंह द्वारा मेधावियों को डिजिटल डिवाइस प्रदान कर सम्मानित करने के निरंतर क्रम में इंटरमीडिएट परीक्षा में 91.6% अंक प्राप्त करने वाली वंशिका शंखवार (अंबेडकर पुरम, तेलीबाग), 92% अंक प्राप्त करने वाली आयुषी सिंह (बनी) और हाईस्कूल परीक्षा में 97% अंक प्राप्त करने वाली अनुराधा दुबे (पराग चुंगी) को टैबलेट प्रदान कर सम्मानित किया। साथ विधायक डॉ. सिंह ने तारा शक्ति केंद्र कल्ली पश्चिम को नई ऊंचाईयों पर पहुंचा रही रंजना सिंह जी को नवीन ब्रांड पटसन इंडिया के सफलता की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए विधायक ने कहा,₹जन अभिनन्दन एवं जनसंवाद के संकल्प से, हो रही जन समस्याओं के समाधान की सिद्धि !₹ इस अवसर पर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सरोजनीनगर विधानसभा को आदर्श विधानसभा बनाने के अपने लक्ष्य की प्राप्ति में योगदान देने के लिए उपस्थित सभी क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया।

## एयरपोर्ट पर बम से बचाव को लेकर बम निरोधक की गई मॉक ड्रिल



अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बम से बचाव को लेकर सुरक्षा एजेंसियों व संबंधित अधिकारियों की चुस्ती फुर्ती परखने के लिए बम निरोधक मॉक ड्रिल की गई। जो पूरी तरह सफल रही। एयरपोर्ट प्रवक्ता के मुताबिक इस मॉक ड्रिल में दोपहर को टर्मिनल 3 के गेट नंबर 2 के पास बम होने की सूचना दशार्यी गई। इसके बाद अधिकारियों और संबंधित एजेंसियों को इसकी सूचना दी गई। सूचना पाकर आनन फानन पहुंचे एयरलाइंस अधिकारियों के साथ सीआईएसएफ, पुलिस, अस्पताल, फायर ब्रिगेड और एयरपोर्ट रेस्क्यू व फायर फाइटिंग के अलावा चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट प्रबंधन की टीम सतर्क हुई और कुछ ही देर में दर्शाए गए बम वाले स्थान को खाली करा कर उसे घेर लिया गया। बाद में सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जांच पड़ताल की गई तो वहां कुछ नहीं मिला। इसके बाद सभी को जानकारी दी गई की यहां वास्तव में बम जैसा कुछ नहीं, बल्कि सुरक्षा एजेंसियों व संबंधित अधिकारियों की चुस्ती फुर्ती परखने के लिए की गई महज एक मॉक ड्रिल थी। जिसके बाद सभी ने राहत की सांस ली। एयरपोर्ट प्रवक्ता ने बताया कि फिलहाल सभी की मुस्तैदी परखने के लिए की गई यह मॉक ड्रिल पूरी तरह सफल रही। उन्होंने बताया कि ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए समय-समय पर यहां मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाता रहता है।

# खड़े डंपर में जा घुसी बस, करीब एक दर्जन यात्री घायल, ग्रामीणों ने किया रेस्क्यू

## आधे घंटे बाद केबिन काट कर बस चालक को निकाला गया बाहर

**हादसा इतना भीषण हुआ कि लोगों में चीख पुकार मच गई**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। चौथी के कार्यक्रम में बस से शामिल होने जा रहे यात्रियों से भरी निजी बस डंपर में पीछे से जा घुसी जिससे फंसे बस चालक को ग्रामीणों और पुलिस की मदद से केबिन काटकर बाहर निकाला गया। और उसमें सवार करीब एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। गया घटना के बाद से मौके पर चीख पुकार मच गई। घटना के कारण एक किलोमीटर तक लगा भीषण जाम।



बस में सवार घायल बच्ची



बस का अगला हिस्सा हुआ क्षतिग्रस्त

काकोरी मलिहाबाद थाना क्षेत्र के बॉर्डर पर हुआ हादसा शुक्रवार शाम हरदोई जनपद से यात्रियों को लेकर दुबग्गा बेगरिया में एक चौथी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे एक निजी बस से तभी सन्यासी बाग अंडरपास के निकट बस सड़क पर खड़े डंपर में जा घुसी जिससे उसका अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया उसमें सवार चालक विनय उसमें फंस गया जिसे हाईड्रा की मदद से फंसे बस चालक को केबिन काटकर कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। और बस में सवार घायलों को बाहर निकाल कर करीब एक दर्जन लोगों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां तीन लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। और कई लोगों के हाथ पैर में गंभीर चोट पहुंची है। पुलिस डंपर चालक का पता लगा रही है। घटना के समय बस में कुल 35 लोग सवार थे।

### बस में सवार घायलों के नाम

मुजीबुर रहमान निवासी दुबग्गा, जमील अहमद निवासी सीतापुर मंशा पुत्री वकील अहमद निवासी सीतापुर, नितिन निवासी उन्नाव, नगमा पत्नी फरीद निवासी हरदोई, सानिया पुत्री फिरोज निवासी हरदोई, मोहम्मद इस्माइल निवासी हरदोई, उमर जहां पत्नी स्माइल निवासी हरदोई, सोनू राठौर निवासी हरदोई, दरक्शा पत्नी वकील निवासी हरदोई जनपद के लोग बस में सवार होकर चौथी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। मो. ईस्माइल की बेटी की शादी लखनऊ से हुई थी। सभी उसी की चौथी ( विदाई ) कराने के लिए हरदोई से आ रहे थे। हादसा इतना भीषण हुआ कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। काफी देर तक मदद की गुहार लगाते रहे बस में सवार लोग।

## समूह की महिलाओं के सपनों को मिली उड़ान

**डीएम ने महिलाओं में भरा स्वावलंबन, आत्मनिर्भरता का जोश, प्रदान की टूल किट**

अमन लेखनी समाचार

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश के खीरी जिले में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और सराहनीय पहल हुई है। जिले में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अनूठी पहल से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के सपनों को न केवल उड़ान मिली बल्कि गांव में ही रोजगार के अवसर और रास्ते भी खुल गए हैं। शुक्रवार को चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने ब्लॉक लखीमपुर के अटल सभागार में प्लंबर, फिटर और पंप ऑपरेटर की ट्रेनिंग प्राप्त करने वाली समूह महिलाओं ने स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता का जोश भरते हुए टूल किट प्रदान की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि गांव की बेटियां और महिलाएं अब किसी के ऊपर आश्रित नहीं रहेगी। वह निर्भय होकर स्वयं अपने पैरों पर खड़ी हो और दूसरी महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बनकर उभरें। उनको दिया गया यह हुनर उनके जीवन के लिए केवल आमदनी का जरिया नहीं बल्कि ऐसी महिलाओं और बेटियों के लिए एक मूल मंत्र भी है जिसको अपनाकर वह भी समूह की महिलाओं की तरह ही मुख्य धारा में जुड़ सकती है। उन्होंने कहा कि यह महिलाएं हुनरमंद बनने के बाद गांव-गांव में प्लम्बर, फिटर और पंप ऑपरेटर की सेवाएं देकर समूह की महिलाएं जिले में नारी सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण पेश करेंगी। जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्राम पंचायतों में महिलाओं के लिए रोजगार के अनेक अवसर सृजित हुए हैं। महिला प्लम्बर, फिटर और पंप ऑपरेटर्स गांव की दूसरी महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेंगी।

## नाबलिग से छेड़छाड़ करने वाला वांछित आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कृष्णा नगर पुलिस ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र स्थित डीआरएम पुलिया से एक नाबालिग संग छेड़छाड़ के वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि पुलिस पूछताछ में गिरफ्त में आए आरोपी ने अपना परिचय अभिषेक कन्नौजिया पुत्र नौमीलाल कन्नौजिया मूल निवासी कट्टवली थाना काकोरी जनपद लखनऊ व हाल पता निकट हींगा लाल का घर, कनौसी, थाना कृष्णानगर लखनऊ निवासी के रूप में दिया है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र में रहने वाली 14 वर्षीय नाबालिग के चाचा ने उनकी भतीजी पर आरोपित द्वारी नियत से छेड़खानी कर रंग लगाना व विरोध करने पर घर के अन्दर घुसकर एक राय होकर घर में जबरन घुस गाली गलौज मार पीट करना व जान से मारने की धमकी सहित छेड़छाड़ का आरोप लगा नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी को थाने में दर्ज मुकदमे के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है।

## बंद घर में चोरी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार, लाखो के गहने बरामद

अमन लेखनी समाचार





लखनऊ ,आशियाना क्षेत्र के सेक्टर एम में चार दिन पूर्व युवक के बंद घर में घुस आलमारी का ताला तोड़ लाखो रुपए के कीमती गहने चोरी मामले में दर्ज मुकदमे में आशियाना पुलिस टीम ने शुक्रवार को दो शातिर चोरो को गिरफ्तार किया हैं जिनके कब्जे से लाखो रुपये के जेवर व नकदी बरामद हुआ है आशियाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित विवेक कुमार को बीती 16 दिसम्बर को जानकारी हुआ था कि सेक्टर एम स्थित उनके दूसरे मकान में जोकि बंद था चोरो ने घर में घुस चोरी की घटना को अंजाम दिया था जिसका मुकदमा फौजी की शिकायत पर स्थानीय थाने पर दर्ज कर शातिरों की तलाश में सीसी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे थे वहीं शुक्रवार को फुटेज मिलान व मुखबिर की सूचना पर औरंगाबाद शहीद पथ निकट हनुमान मंदिर के पास से दो शातिर चोरो को गिरफ्तार किया गया है जिनके कब्जे से घर से चोरी किये गए लाखो रुपये के जेवर व 34 सौ रुपए नगदी बरामद हुआ हैं पूछताछ में चोरो ने अपना परिचय नाम पता धर्मवीर पुत्र रामअवतार निवासी शिवनगर खदरा थाना मदेयगंज जिला लखनऊ हाल पता किला मोहम्मदीनगर थाना आशियाना लखनऊ व सुनील कुमार उर्फ संदीप पुत्र प्रमोद कुमार निवासी ग्राम बिलरिया थाना लहरपुर जिला सीतापुर दिया हैं दोनों शातिरों के खिलाफ दर्ज मुकदमे में कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया है

## ज्येष्ठ मूल्यांकन अधिकारी ने मिदनियाँ गढ़ी में देखा पंचायत भवन

**परिषदीय विद्यालय का सूरत ए हाल, जानी मिशन शक्ति की प्रगति**

**सीएमओ से की भेंट, जानी मिशन शक्ति अभियान की प्रोग्रेस**

**जिले के पड़ुवा, फूलबेहड़, शारदानगर थानों का भी किया औचक निरीक्षण**

**किया मिशन शक्ति के कार्यों का मूल्यांकन**

**मूल्यांकन अधिकारी ने जानी मिशन शक्ति अभियान की वास्तविक प्रगति की स्थिति**

अमन लेखनी समाचार

लखीमपुर खीरी। शुक्रवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के तीसरे दिन ज्येष्ठ मूल्यांकन अधिकारी नियोजन विभाग उप्र शासन डॉ. संतराम ने ₹महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन₹ हेतु मिशन शक्ति अभियान की प्रगति के परीक्षण हेतु तहसील और ब्लॉक लखीमपुर की ग्राम पंचायत मिदनियाँ गढ़ी के पंचायत घर, सार्वजनिक शौचालय, तालाब निर्माण एवं प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के साथ थाना पड़ुवा, थाना फूलबेहड़, थाना शारदानगर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ज्येष्ठ मूल्यांकन अधिकारी ने पंचायत घर, व्यक्तिगत शौचालय की महिला लाभार्थियों, मनरेगा जॉब कार्ड धारक महिलाएं, स्वयं सहायता समूहों, वीसी सखी योजनाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए संबंधित जिम्मेदार अधिकारी को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

## धोखाधड़ी कर ठगी करने वाला वांछित जालसाज गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, आशियाना पुलिस एक वर्ष पूर्व दर्ज मुकदमे में फरार चल रहे एक वांछित जालसाज को गुरुवार शाम थाना क्षेत्र गिरफ्तार कर दर्ज मुकदमे में कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया है आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि वर्ष 2023 में आरोपित गुरजीत सिंह दीवान पुत्र स्व० बनारसी लाल दीवान निवासी गंगानगर श्यामनगर थाना चकेरी कानपुर नगर के खिलाफ धोखाधड़ी और ठगी के आरोप में मुकदमा दर्ज था जिसमे वांछित फरार चल रहा था जिसे मुखबिर की सूचना पर गुरुवार शाम आशियाना चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है आरोपित जालसाज के खिलाफ दर्ज मुकदमे में कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया है

## बाग के पास बने गड्ढे में मिला युवक का शव

**पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बाग के किनारे बने पानी से भरे गड्ढे में युवक का शव पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त कर परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मिली जानकारी के अनुसार रहीमाबाद लालूहार सम्पर्क मार्ग पर भारत हॉस्पिटल के पीछे आम के बाग के किनारे बने पानी के भरे गड्ढे में युवक का शव पड़ा मिला सूचना पर पहुंची पुलिस ने गड्ढे में पड़े शव को बाहर निकाल कर शव की पहचान रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सहिजना निवासी मोहित के रूप में की गई। मोहित दो साल का था तभी उसकी मां उसे छोड़कर चली गई थी। पिता राजू चौरसिया ने उसके बाद दूसरी शादी कर ली थी। आसपास के लोगों ने बताया कि काफी दिनों से मोहित इधर-उधर घूम रहा था। इस संबंध में रहीमाबाद एसओ अनुभव सिंह ने बताया युवक मोहित मानसिक विछिप्त था जिसको मिर्गी की बीमारी थी जिस कारण सौतेली मां इसको घर में नहीं आने नहीं देती थी। युवक इधर उधर घुमा करता था। प्रथम दृष्टि से मिर्गी का दौरा आने के कारण पानी में गिरने की बात लग रही है। मिर्गी के दौरे के कारण युवक के मुंह से झाग निकल रहा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की सही वजह सामने आएगी।

## संक्षेप

### महिला ने छेड़छाड़ का लगाया आरोप, दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के मुंशी खेड़ा गांव निवासी सीलम सिंह ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 13 दिसंबर की शाम घर में बच्चों के साथी तभी पड़ोस के ही बबलू गौतम महिपाल सनी व दो अज्ञात लोग घर में गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर 7 वर्ष की बेटी गौरी वा राधा से अभद्रता की पति अनुपम सिंह के साथ बाइक पर बैठकर शिकायत करने कोतवाली जा रही थी तभी बहरौली जहांनपुर गांव के पास प्रेमचंद व आशीष गौतम ने तमंचे के बल पर छेड़छाड़ करते हुए जान से मार देने की धमकी दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर बबलू,सनी महिपाल,आशीष,प्रेमचंद शाहिद दो अज्ञात लोगों के खिलाफ छेड़छाड़, बल्वा, जान से मार देने की धमकी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है वहीं दूसरे पक्ष से पेशबंदी को लेकर प्रेमचंद ने आलोक सिंह, अभिजीत ,अनुपम ,जगत सिंह के ऊपर तहरीर देकर एससी एसटी, छेड़छाड़, जान से मार देने की धमकी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि दोनों तरफ से तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई है

### स्कूल में बच्चों को सिखाया गया सीपीआर ताकि हम कर सके किसी के जीवन की रक्षा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सर्दी के कारण हो रही हार्ट अटैक की घटनाओ को देखते हुए एक नर्सिंग स्कूल द्वारा सरोसी स्थित स्कूली बच्चों और मौजूद अध्यापको को सीपीआर देने का सही तरीका बताया गया। साथ ही आये हुए विशेषग्यो द्वारा हार्ट अटैक के लक्षण और उन्हें त्वरित प्राथमिक चिकित्सा कैसे दी जाए इसके बारे मे भी बताया गया। इसके बाद बारी बारी से विशेषज्ञ की मौजूदगी मे स्कूल के छात्रो नीरज, रूचि, सत्येंन्द्र आदि से सीपीआर की अभ्यास भी करवाया गया। वही आए हुए विशेषज्ञों ने छात्रों को यह भी बताया कि यदि कोई पानी में डूब जाए तो उसको प्राथमिक चिकित्सा कैसे दें अगर किसी का एक्सीडेंट हो जाए और आप रास्ते से जा रहे हो तो उसे उसकी जान आप कैसे बचाये इसके बारे में भी विस्तार से विशेषग्यो द्वारा छात्रों को बताया गया। वहीं छात्रों ने कहा कि पूरे जीवन में यदि हम एक भी जान बचा लेते हैं तो यह हमारे जीवन की एक बड़ी उपलब्धि होगी। उन्नाव के एक्सल कॉलेज आफ नर्सिंग के सीपीआर विशेषज्ञ डॉ प्रदीप ने बताया कि आज सरोसी के आदर्श सरस्वती विद्या मंदिर मे उनकी टीम ने सीपीआर के बारे मे विस्तार से बताया। सीपीआर यानी कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन एक आपातकालीन प्रक्रिया है जो दिल की धड़कन या सांस लेने में समस्या होने पर की जाती है। इसका उद्देश्य हृदय और फेफड़ों को काम करने में मदद करना होता है जब तक कि चिकित्सा सहायता न मिल जाए। उसके बाद छात्रों को बारी बारी से अभ्यास भी कराया गया।

# डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पलटी, 6 लोग घायल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर औरास थाना क्षेत्र के किमी संख्या 265 के पास हुआ, जब दिल्ली से लखनऊ जा रही एक डबल डेकर स्लीपर बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और पलट गई। हादसे में घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया और मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से बस को हटवाया। घटना के अनुसार, दिल्ली से लखनऊ जा रही डबल डेकर स्लीपर बस रास्ते में तेज रफ्तार में थी। अचानक बस का संतुलन बिगड़ गया और वह डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर के बाद बस पलट गई, जिससे उसमें सवार यात्री घायल हो गए। घायलों में से कुछ की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद बस सड़क के किनारे पलटी हुई पाई गई, जिससे एक्सप्रेस-वे पर यातायात प्रभावित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और राहत दल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायलों को निकाला और उन्हें इलाज के लिए औरास सीएचसी भेजा। घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल में भर्ती कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद सड़क पर बस के पलटने से यातायात की स्थिति बिगड़ी हुई थी।इसके चलते पुलिस ने क्रेन की मदद से पलटी हुई बस को सड़क से हटवाया, ताकि यातायात फिर से सामान्य हो सके। घटना के बाद पुलिस ने बस के ड्राइवर और कंडक्टर से पूछताछ शुरू कर दी है, ताकि हादसे के कारणों का पता चल सके। फिलहाल, घायलों का इलाज चल रहा है और पुलिस द्वारा दुर्घटना की पूरी जांच की जा रही है। इंस्पेक्टर अश्वनी मिश्रा ने बताया कि सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यातायात सुचारू रूप से शुरू कराया जा चुका है।

### नग्न अवस्था में झाड़ियों में मिला युवक का शव

उन्नाव। मौरावां थाना क्षेत्र के अकोहरी गांव में गुरुवार को एक युवक को गांव के बाहर झाड़ियों के बीच नग्न अवस्था में शव बरामद हुआ। युवक बुधवार रात से लापता था। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है ।जानकारी के अनुसार, अकोहरी गांव निवासी शैलेंद्र उर्फ रिशु (44) पुत्र विजयपाल सिंह बुधवार रात अपने एक साथी के साथ किसी काम के सिलसिले में घर से निकला था। लेकिन जब वह देर रात तक घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। गुरुवार सुबह गांव के बाहर झाड़ियों में उसका नग्न शव देखा गया, जिससे इलाके में कोहराम मच गया ।घटना की सूचना पुलिस को दी गई, और मौरावां थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव की शिनाख्त की और परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने शव पर कई चोट के निशान देखे और हत्या का आरोप लगाया। मृतक शैलेंद्र खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करता था और उसकी दो बेटियां हैं।

# नगर पंचायत अध्यक्ष पर कर्मचारी ने रिश्वत मांगने का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज नगर पंचायत कार्यालय में आउटसोर्सिंग के तहत कार्यरत कार्यालय सहायक ऋचा बाजपेई ने चेयरमैन लक्ष्मी वर्मा पर रिश्वत मांगने का गंभीर आरोप लगाया है। ऋचा बाजपेई का कहना है कि नगर पंचायत कार्यालय में पिछले नौ महीने से कार्यरत रहने के दौरान चेयरमैन लक्ष्मी वर्मा ने उन्हें एक हजार रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए नौकरी से हटा दिया। इसके बाद ऋचा ने अचलगंज थाना प्रभारी को तहरीर दी है, जिसमें उसने चेयरमैन द्वारा गलत तरीके से नौकरी से हटाए जाने और सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है ।ऋचा के अनुसार जब वह ड्यूटी पर थी, तब चेयरमैन ने उसे अपने कार्यालय बुलाया और एक हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाया। इसके बाद चेयरमैन ने उसे नौकरी से निकालने की धमकी दी और नगर पंचायत से धक्का देकर बाहर जाने के लिए कहा। ऋचा ने इस घटनाक्रम को लेकर अपनी सुरक्षा के लिए चिंता जताते हुए थाना प्रभारी को तहरीर दी है और इस मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है ।वहीं, नगर पंचायत की अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा ने इन आरोपों को पूरी तरह से निराधार बताया है। उनका कहना है कि यह आरोप एक महिला द्वारा लगाए गए रिश्वत के आरोप से जुड़े हैं। लक्ष्मी वर्मा का कहना है कि हड़हा क्षेत्र की एक महिला ने रिश्वत का आरोप लगाया था, जिसके बाद उन्होंने लिपिक से सहायक कार्यालय से संबंधित आख्या मांगी थी। लेकिन इस पर कुछ सभासदों ने विरोध जताया और अभद्रता की। उन्होंने कहा कि वह खुद थाना प्रभारी को तहरीर देंगे और घटनाक्रम से उन्हें अवगत कराएंगे ।थाना प्रभारी ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त हो चुकी है और जांच की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जांच के बाद ही इस मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी ।इस बीच एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें ऋचा बाजपेई को नगर पंचायत कार्यालय परिसर में बेहोश होकर गिरते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में आसपास के सहकर्मी उन्हें मदद के लिए दौड़ते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि, इस वायरल वीडियो की पुष्टि दैनिक अमन लखनी समाचार पत्र नहीं करता है ।वायरल वीडियो में देखा गया कि महिला कर्मचारी कार्यालय के परिसर में अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी, जिसके बाद कुछ सहकर्मी उसे सहारा देने के लिए दौड़े। सोशल मीडिया पर यह वीडियो काफी वायरल हो रहा है, लेकिन इसकी सच्चाई को लेकर अब तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है ।इस पूरे मामले में दोनों पक्षों की तरफ से आरोप-प्रत्यारोप जारी हैं, और पुलिस जांच कर रही है। आगामी दिनों में इस मामले में कुछ ठोस कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है।

# लीला महोत्सव में श्री कृष्ण जन्म लीला का किया गया मंचन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। गंजमुरादाबाद नगर के राम लीला मैदान में चल रही श्रीकृष्ण लीला महोत्सव में आज श्रीकृष्ण जन्म की लीला का मंचन किया गया। सर्व प्रथम कमेटी के सभी पदाधिकारियों द्वारा आरती की गई जिसके बाद वृंदावन से पधारी रासमंडली की टीम ने कृष्ण जन्म की लीला का शानदार मंचन किया। लीला के मंचन में दिखाया गया कि राजा कंस अपनी बहन देवकी की शादी वासुदेव से करता है और खुशी के साथ बहन को डोली में बैठाने ले जाता है। इसी बीच आकाशवाणी होती है कि जिस बहन को तुम डोली में विदा कर रहे हो उसी का बेटा तुम्हारा विनाश करेगा। यह सुनते ही कंस देवकी व वासुदेव को मारने का प्रयास करता है, लेकिन वासुदेव यह कहते हुए कंस को रोक लेते हैं कि उनके घर जो भी संतान होगी वह उन्हें सौंप देंगे।

जिसके बाद कंस उन्हें जेल में बंद कर देता है। इसके बाद जब देवकी की सात संतान को जन्म लेते ही कंस मार डालता है। आठवीं संतान का जब जन्म होने का समय आता है तो सभी पहरेदार सो जाते हैं और अचानक जेल का ताला खुल जाता है तथा वासुदेव की हथकड़ी भी खुल जाती है। आठवीं संतान के रूप में भगवान श्रीकृष्ण जन्म लेते हैं। श्रीकृष्ण के जन्म लेने के बाद वासुदेव के समक्ष कई बाधाएं आती हैं, लेकिन कोई भी बाधा उन्हें छू भी नहीं पाती। इस मंचन को देखकर श्रद्धालु खूब आनंदित हुए और जय घोष लगाए। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# भीम आर्मी जय भीम संगठन ने बहुजन जोड़ो कार्यक्रम का किया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। भीम आर्मी-जय भीम संगठन द्वारा एक बहुजन जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनजीत सिंह नौटियाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की ।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बहुजन समाज को एकजुट करना और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को आगे बढ़ाना था। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जिन्होंने बाबा साहब के योगदान और उनके विचारों को लेकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की ।कार्यक्रम में अपनी बात रखते हुए मनजीत सिंह नौटियाल ने महाराष्ट्र के पद्मिनी इलाके में हाल ही में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को खंडित किए जाने की घटना पर विरोध जताया। उन्होंने कहा कि यह एक निंदनीय कृत्य है और इसने पूरे देश के अनुयायियों को आहत किया है। मनजीत सिंह ने इस घटना के खिलाफ आज पूरे देश में ज्ञापन की कार्रवाई की जानकारी दी ।मनजीत सिंह ने आगे कहा कि देश के संविधान को खतरा है और वर्तमान सरकार संविधान को बदलने की कोशिश कर रही है। उनका यह भी कहना था कि लोकसभा में गृहमंत्री द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान किया गया, जो किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री को शायद यह नहीं मालूम कि संविधान और बाबा साहब की वजह से ही वे आज इतनी बड़ी कुर्सी पर बैठे हैं ।संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यह आरोप भी लगाया कि गृहमंत्री जानबूझकर बाबा साहब और उनके द्वारा बनाए गए संविधान का अपमान कर रहे हैं। उनका मानना था कि बाबा साहब की विचारधारा में सभी जाति और धर्मों को समान अधिकार और न्याय दिया गया है। उन्होंने कहा कि आज यदि मजदूर और किसान के बच्चे बड़ी कुर्सी तक पहुंचने में सफल हुए हैं, तो यह बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की ही देन है।

### विद्युत करंट की चपेट से युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार के गाँव लालाखेड़ा मजरे सिरियापुर निवासी अमरेश पुत्र राजाराम उम्र करीब 30 वर्ष नल की रिपेयरिंग का काम किया करता था। शुक्रवार शुबह करीब 10 बजे अपने पारिवारिक चाचा स्व० प्रेम के हैंडपंप में समरसेबल मोटर डाल रहा था। समरसेबल मोटर का तार कही कटा हुआ था जिसमे करंट आ रही थी । अमरेश उसी करंट की चपेट में आ गया। किसी तरह बिजली लाइन बंद करके परिजनों द्वारा उसको कटे तार से छुटाया गया व परिजन पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर भागे जहा डॉक्टरो ने अमरेश को मृत घोषित कर दिया। परिजन अमरेश के शव के घर ले आये व पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।

# वृद्धाश्रम में जिला जज ने बुजुर्गो को वितरण किया कंबल



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के एक गाँव में संचालित वृद्धाश्रम में आज जिला जज ने भेंट कर बुजुर्गो कम्बल वितरित किये, साथ ही वृद्धो के स्वास्थ्य परीक्षण कराने के भी कर्मियों को निर्देश दिए। फतेहपुर चौरासी विकास खण्ड के तकिया निगोही में स्थित वृद्धआश्रम में आज जिला जज उन्नाव वीणा रंजन अग्रवाल द्वारा निरीक्षण गया। अपर जिला जज मनीष निगम और मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भव्या तिवारी द्वारा जिला जज का स्वागत किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बुजुर्गो का हालचाल लिया और सरकार की योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी ली। जिला जज द्वारा वृद्धाश्रम के प्रबंधक पी एन सिंह को निर्देशित दिया गया कि सभी बुजुर्गो का स्वास्थ्य परीक्षण समय-समय पर कराएं। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन वृद्धो के आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, उनके आयुष्मान कार्ड शीघ्रता से बनवाने का प्रयास करें ।इन मौके पर क्षेत्राधिकारी अरविन्द चौरसिया, आशुतोष उपाध्याय नायब तहसीलदार सफीपुर, राजेश पाठक प्रभारी निरीक्षक बांगरमऊ, प्रभारी निरीक्षक फूल सिंह, बेहटा मुजावर थाने का पुलिस बल भी मौजूद रहा। वृद्ध आश्रम के प्रबंधक पीएन सिंह ने बताया कि जिला जज द्वारा 102 बुजुर्गों को कंबल वितरित किए गए जिसमें 56 महिलाएं और 46 पुरुष लाभन्वित हुए ।

# शुकदेव जन्म और राजा परीक्षित मोक्ष की कथा सुन श्रोता हुए भावविभोर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। इब्राहिम बाग स्थित भगवान चित्रगुप्त धाम में सनातन परिवार सत्संग सेवा समिति, वृंदावन के सहयोग से कायस्थ वेलफेयर सोसाइटी और मुख्य यजमान डॉ संजय मिश्रा, संयोजक पवन निगम द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ के तीसरे दिन सुविख्यात कथा प्रवक्ता पूज्य संत पंडित राम शरण शास्त्री जी महाराज ने शुकदेव जी के जन्म की कथा सुनाई ।एक बार भगवान शिव पार्वती को अमर कथा सुना रहे थे। पार्वती जी को कथा सुनते-सुनते नींद आ गई और वहां बैठे शुक ने हुंकारी भरने लगे। भगवान शिव को यह बात पता चलने पर वे शुक को मारने के लिए दौड़े और उसके पीछे अपना त्रिशूल छोड़ा। शुक जान बचाने के लिए तीनों लोकों में भागता रहा और व्यास जी के आश्रम में पहुंचकर सूक्ष्म रूप बनाकर उनकी पत्नी के मुंह में घुस गया। शुक फिर व्यास जी के अयोनिज पुत्र के रूप में प्रकट हुए। शुकदेव बारह साल तक मां के गर्भ से बाहर नहीं निकले थे। भगवान श्रीकृष्ण के कहने पर ही वह गर्भ से बाहर आए थे। जन्म लेने के बाद शुकदेव जी अपने माता-पिता और श्रीकृष्ण को प्रणाम करके वन में तपस्या के लिए चले गए थे। शुकदेव जी ने ही अपने पिता व्यास जी के श्रीमद्भागवत पुराण को पढ़कर उसे राजा परीक्षित को सुनाया था। कथा सुनने के प्रभाव से राजा परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई और उनका नाम अजर-अमर हो गया। कथा सुनने के बाद ब्रह्माजी ने तराजू में जप, तप, यज्ञ, दान को रखा और दूसरे पलड़े में श्रीमद्भागवत कथा को रखा. जिस ओर श्रीमद्भागवत कथा रखी गई थी, उधर का पलड़ा नहीं झुका। ब्रह्माजी ने श्रीमद्भागवत कथा को तत्काल मोक्ष प्रदान करने वाला ग्रंथ करार दिया। राजा परीक्षित, पांडवों के वंशधर अर्जुन के पुत्र अभिमन्यू की पत्नी उतरा के गर्भ से पैदा हुए थे। कौरवों के साथी अश्वत्थामा ने ब्रह्मास्त्र चलाकर अभिमन्यू की गर्भवती पत्नी पर हमला किया था। भगवान श्रीकृष्ण ने गर्भ में ही परीक्षित की रक्षा की थी। महाराजश्री ने महाभारत की दिव्य कथा सुनाकर उपस्थित कई सैकड़ा श्रोताओं को रोमांचित किया। पावन कथा के मध्य भजन मंडल द्वारा सुमधुरूर भजनों पर भावविभोर होकर तालियां बजाते हुए दिखे श्रद्धालु। कथा प्रारंभ और समापन आरती में मुख्य यजमान डॉ संजय मिश्रा व उनका परिवार, मुख्य संयोजक पवन निगम, आशीष निगम व उनका परिवार, संरक्षकों डॉ मनोज श्रीवास्तव, नीरज निगम, सौरभ श्रीवास्तव, डॉ प्रभात सिन्हा, अनिरुद्ध सौरभ, प्रेम सिंह सेंगर, वेंकट मिश्रा, प्रशांत दीक्षित, अरविंद श्रीवास्तव, कौशल किशोर यादव, वीरेंद्र सिंह, अशोक रस्तोगी, डॉ मनीष सेंगर, राहुल कश्यप, अभिषेक शुक्ला, मनीष गुप्ता, बबलू शर्मा, बबली मिश्रा, रश्मि निगम, ममता द्विवेदी, शोभा पाण्डेय, नीलम त्रिपाठी आदि सहित मुख्य सेवायत कृष्णप्रिय मोती श्याम जी, कवि पवन प्रताप सिंह सबरस और कवि मुकेश श्रीवास्तव आदि ने भाग लिया।

# दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में एक युवक घायल



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। तेज रफ़्तार दो बाइकों की आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें एक बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे सूचना पर एम्बुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया गया । उन्नाव के मोहल्ला एबी नगर निवासी दीपक 26 पुत्र प्रेमशंकर आज शुक्रवार अपनी बाइक से हरदोई जनपद रिस्तेदारी से वापस घर लौट रहा था । तभी बांगरमऊ क्षेत्र के ग्राम नसिरापुर के सामने उसकी बाइक सामने से आ रहे दूसरी बाइक से जोरदार भिड़ंत हो गयी। जिसमे बाइक सवार दीपक गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस से बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती कराया। जहाँ पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने बाबा की मजार पर चादर चढ़ाकर मांगी अमन चैन की दुआ

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। आसीवन स्थित हिन्दू मुस्लिम एकता के लिऐ प्रसिद्ध शूफी शन्त शय्यद इकरामुल हक उर्फ गुदड़ी बाबा के उन्यासिवें शालाना उर्स में जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह व उनके प्रतिनिधि शशांक शेखर सिंह शनि ने बाबा की दरगाह पर पहुँच कर चादर चढ़ाकर मुल्क के अम्नो शलामती भाईचारे की दुआ की और कहा की गुदड़ी बाबा के दरबार में प्रतिवर्ष आना होता यहां ह्रदय को आत्मिक प्रसन्नता और शान्ति प्राप्त । दरगाह के सज्जादानसीन अनवर रहमान जिलानी सफवी ने बाबा की चादर देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अशोक चन्देल, समाजसेवी पूर्व जिला पंचायत सदस्य शुजाउर रहमान सफवी शुजा, जिला पंचायत सदस्य दीबा सफवी, जिला पंचायत सदस्य फरान रहमान सफवी, फैशल रहमान सफवी, जैद रहमान सफवी, अजीम सफवी, अरबाब सफवी, अरमान सफवी, दयाराम बाबा, अब्दुल कलाम चुनान, माहे आलम, जावेद खान, अनिल गुप्ता, पृथ्वीपाल कुरील, विजय सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहें ।



# ब्लाक स्तरीय किसान जागरूकता गोष्ठी का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा ब्लाक के सभागार मे कृषि सूचनातंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खंड स्तरीय किसान मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कृषि केंद्र प्रभारी अरुणांचल सिंह, ने मौजूद किसानो को बीज शोधन रबी की फसलो की सिंचाई व विभिन्न रोगों से बचाव के उपाय बताये। आने वाले दिनो मे रबी की फसल को कोहरा से बचाने के लिये समय पर सिंचाई करते रहे। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि मोहन सिंह ने कहा वर्तमान सरकार मे कृषि क्षेत्र मे बहुत सुधार हुआ है। ब्लाक प्रमुख आनंद गुप्ता ने कहा भाजपा सरकार ही सच्ची किसानों की हितैषी है। आज नहरों मे पानी कृषि केंद्र पर सब्सिडी मे बीच और दवाईया आसानी से किसानों को मिल रही जबकि पहले बेच ली जाती थी ।इस दौरान एडीओ एग्रीकल्चर शिवकुमार सिंह, प्रभारी कृषि रक्षा इकाई अजीत कुमार सहित योगेंद्र सिंह गौतम, प्रमोद कुमार यादव एटीएम, दिनेश चंद्र यादव एटीएम, कृष्ण कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर महेंद्र लोधी ,सोनू मिश्र ,गोविंद लोधी ,,साधू रावत , भगवान बक्श लोधी ,नागेंद्र सिंह ,सुनील लोधी सहित अन्य किसान मौजूद रहे।



### पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चोरी का दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर अंतर्गत दौदापुर गाँव मे 27 नवंबर को चोरी हो गयी थी। पीड़ित का मुकदमा थाने में दर्ज नही किया गया था। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक की चौखट पर न्याय की गुहार लगाई । पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना बारासगवर ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। दौदापुर गाँव निवासी बब्बू पुत्र जयराम कहार का घर नहर के पास है। 27 नवम्बर को जब वह शाम 4 बजे बकरी चराने गया था। घर में कोई न रहने की वजह से चोरी हो गयी। जब वह बकरी चराकर वापस लौटा उसने देखा घर के दरवाजे की कुण्डी उखडी पडी थी । घर अन्दर जा कर देखा कि बक्सो की भी कुण्डी उखडी पड़ी थी। बक्सो में रखा 3 पाव चांदी व डेढ तोला सोना जिसमें 1 जोडी झुमकी व मंगल सूत्र व अंगूठी व 3500 रु0 नगद गायब था ।पीड़ित बब्बू ने गाँव के ही अर्पित पुत्र लाल कुर्मी पर शक जाहिर करते हुए नामजद आरोप लगाया था। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना बारासगवर ने तहरीर में नामजद युवक पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बीमार बच्ची की मां से स्वास्थ्य कर्मी ने वसूले 600 सौ रुपए

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात स्वास्थ्य कर्मियों ने एक बीमार बच्ची की मां से इलाज के नाम पर 600 रुपये वसूल कर लिए। पीड़िता सुशीला ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिससे स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं ।सुशीला ने बताया कि उनकी दो साल की बेटी कई दिनों से बुखार से पीड़ित थी। बच्ची की हालत बिगड़ने पर वह उसे इलाज के लिए बीघापुर स्थित सी एच सी ले गईं। वहां डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर बताते हुए बच्ची को जिला अस्पताल रेफर करने की बात कही ।सुशीला का आरोप है कि सी एच सी के स्वास्थ्य कर्मियों ने बच्ची को जिला अस्पताल रेफर करने के बदले 600 रुपये की मांग की। उन्होंने कहा कि पैसे देने पर ही उन्हें बेहतर सुविधा मिलेगी। बच्ची की बिगड़ती हालत को देखते हुए मजबूर मां ने यह राशि दे दी ।जिला अस्पताल पहुंचने पर बच्ची की हालत और बिगड़ गई, जिसके बाद डॉक्टरों ने उसे कानपुर के हैलेट अस्पताल रेफर कर दिया। इस पूरी घटना से आहत सुशीला ने एंबुलेंस में बैठकर एक वीडियो बनाया, जिसमें उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों पर अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगाए ।वीडियो में सुशीला ने कहा, ₹हम इलाज के लिए सी एच सी पहुंचे थे, लेकिन वहां से जिला अस्पताल रेफर करने के लिए 600 रुपये मांगे गए। पैसे देने के बाद ही हमारी बच्ची को रेफर किया गया ।₹इस घटना के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। इस घटना ने स्वास्थ्य सेवाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर कर दिया है, जिससे गरीब और जरूरतमंद मरीजों की परेशानियां और बढ़ गई हैं।

# राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम प्रशिक्षण की बैठक संपन्न

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मियाँगंज में चिकित्सा प्रभारी डॉ नितिन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में प्रशिक्षण बैठक संपन्न हुई जिसमें चिकित्साधिकारी डॉ डी नाथ व वरिष्ठ उपचार प्रवेक्षक राम प्रकाश यादव तथा वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स के आर्यन पाल एवं कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर शिवम मिश्र एवं विनोद सिंह द्वारा चौबीस टी बी चैंपियन को प्रशिक्षण दिया गया जो की अपने-अपने आयुष्मान आरोग्य मंदिर के क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के सहयोग से विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समुदाय को टी बी के प्रति जागरूक करने का कार्य करेंगे समुदाय में बैठक स्कूलों में बच्चों एवं अध्यापकों को टी बी के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाएगी टीबी के मरीजों को अपनी कहानी बताकर उनको हिम्मत देंगे और उनका इलाज पूरा कराएंगे टी वी चैंपियन वह लोग हैं जो टी बी की बीमारी से ठीक हो चुके हैं उन्हीं में से कुछ लोगों को टी बी चैंपियन की भूमिका दी गई है ।इस कार्यक्रम में देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीबी मुक्त भारत की पहल में सभी ने साथ जुड़कर टीबी मुक्त भारत के सपने को साकार करने की शपथ भी ली ।

### धूमधाम से सत्संग भवन में मनाया गया जन्मदिन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। गंजमुरादाबाद नगर में स्थित संत कृपाल रूहानी मिशन के सत्संग भवन में आज संत दर्शन सिंह महाराज व संत राजेंद्र सिंह महाराज जी का जन्म दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें उनके जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस मौके पर एक कवि सम्मेलन व मुशायरे का भी आयोजन किया गया जिसमें कवि और शायरों ने अपनी अपनी बेहतरीन रचनाएं सुना कर खूब वाह वाही लूटी। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध कवि मनमोहन सिंह जी दर्द लखनवी ने किया। जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर जश्न मनाया गया और सभी लोगों को लंगर भी खिलाया गया। इस मौके पर राजाराम, फजलुर्रहमान, राघव मिश्रा, धीरज, अभिषेक कुमार, अरविंद, रमाशंकर रस्तोगी, शिवकुमार रस्तोगी, रूपम रस्तोगी, गोपाल रस्तोगी, पिंकू शुक्ला, सदरे आलम, छोटे लाल यादव, पारस गुप्ता, गंगाराम यादव सहित नगर और क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# एक देश, एक चुनाव की तरफ बढ़ रहा भारत

लंबे इंतजार और गहन मंथन के बाद आखिरकार केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने लोकसभा में एक देश, एक चुनाव के लिए 129वां संविधान (संशोधन) बिल पेश कर दिया। हालांकि विपक्ष ने बिल के विरोध में जमकर हंगामा कूटा, लेकिन जिस तरह से सरकार ने तेवर दिखाए, उससे साफ है कि भारत एक देश, एक चुनाव की राह पर चलने को तैयार है। वैसे भी मूल रूप से पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का विचार बुरा नहीं है बल्कि कई मायनों में बहुत अच्छा है। चाहे अलग-अलग चुनावों पर होने वाले खर्च की बात हो या सरकार के कामकाज में इसकी वजह से होने वाली दिक्कतों की या देश के राजनीतिक माहौल में बनने वाले तनाव की। हर तरह से यह बात सुविधाजनक लगती है कि पांच साल में एक ही बार पूरे देश के चुनाव करवा लिए जाएं ताकि बाकी समय पर सारी सरकारें विकास कार्यों पर फोकस कर सकें। इससे न केवन विकास की रफ्तार तेज होगी बल्कि उसमें बेवजह होने वाली रुकावटें भी कम हो जाएंगी। वैसे भी 1967 तक भारत में एक राष्ट्र एक चुनाव की नीति लागू थी । 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक साथ चुनाव हुए। हालांकि 1968 और 1969 में कुछ विधानसभाओं के समय से पहले भंग के कारण एक साथ चुनाव का चक्र बाधित हो गया था। इसके अलावा, 1970 में लोकसभा से पहली बार भंग कर दिया गया और 1971 में नये निर्वाचित राजनेता बने। इन सभी घटनाओं के कारण भारत में एक साथ चुनाव का चक्र टूट गया। इसका असर यह हुआ कि सालभर देश के किसी न किसी राज्य में चुनाव होते रहते हैं। जिसके कारण आदर्श अचार संहिता लागू हो जाती है और न केवल उस राज्य में बल्कि आसपास के राज्यों में विकास प्रभावित होता है। इसी को देखते हुए केंद्र सरकार ने 2 सितंबर, 2023 को एक राष्ट्र एक चुनाव पर विचार करने के लिए भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ की नियुक्ति में एक समिति का गठन किया था। समिति ने भारत के संविधान में 15 संशोधनों की सिफारिश की है। अब इसी पर आगे बड़ते हुए सरकार ने लोकसभा में बिल पेश कर दिया है। ध्यान रहे, शुरुआती डेढ़ दशक तक देश में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होते रहे। अगर एक साथ चुनाव शुरू करवाने के बाद फिर से अविश्वास प्रस्ताव या खंडित जनादेश के चलते यह क्रम बिगड़ता है तो उसे बनावटी ढंग से एक साथ बनाए रखना लोकतांत्रिक सहजता के लिहाज से कितना उचित होगा, इस पर भी विचार करना जरूरी है। एक साथ चुनाव पर फैसला करते हुए क्षेत्रीय दलों के तर्क को भी दरकिनार नहीं किया जा सकता। उनकी इस बात में दम है कि एक साथ चुनाव करवाने से मतदाताओं के मन पर राष्ट्रीय मसले हावी हो सकते हैं। बहरहाल यह बिल अभी संसद में पेश किया गया है। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि वहां इसके सभी पहलुओं पर बारीकी से विचार-विमर्श होगा और फिर सभी पक्षों के हितों व तर्कों को ध्यान में रखते हुए ही कोई अंतिम फैसला लिया जाएगा। एक देश, एक चुनाव पर बनी रामनाथ कोविंद समिति को 47 राजनीतिक दलों ने अपनी राय दी थी। इनमें 32 दलों ने समर्थन किया था और 15 दलों ने इसका विरोध किया था। विरोध करने वाले दलों के पास 205 लोकसभा सांसद हैं। सरकार को भी चाहिए कि सभी दलों को इस पर सहमत करे ताकि इस मुद्दे पर देश एकजुट दिखे और विकास की रफ्तार और तेज हो सके।



जयंती विशेष

डॉ. संजय शुक्ला

# मानवता के अग्रदूत बाबा गुरु घासीदास

> बाबा गुरु घासीदास ने समाज सुधार एवं जनकल्याण का बीड़ा उठाते हुए छत्तीसगढ़ अंचल में उपदेश के लिए यात्रा की। यात्रा को रावटी की संज्ञा दी गई है, इस रावटी में प्रमुख रूप से बस्तर जिले के चिरईपदर, कांकेर, राजनांदगांव, दुर्ग जिले के पानाबरस मोहला, डोंगरगढ, राजनांदगांव के गंडई, कवर्धा के भोरमदेव, बिलासपुर के दलहा पोंड़ी आदि शामिल है। इस उपदेश यात्रा (रावटी) में उनके अनुयायी भी शामिल होते थे, वे रावटी में जनसामान्य को सरल छत्तीसगढ़ी भाषा में ही उपदेश दिया करते थे।

प्रचुर खनिज संपदा और वनों से आच्छादित छत्तीसगढ़ की एक पहचान बाबा गुरु घासीदास से भी है।

सन 1756 में बलौदाबाजार-भाटापारा जिला के गिरौदपुरी गांव में जन्में बाबा घासीदास जी का व्यक्तित्व बहुआयामी था, उनके पिता का नाम महंगूदास सतनामी एवं माता का नाम अमरौतिन था। निरक्षर होते हुए भी उनमें अलौकिक सत्वज्ञान था। छत्तीसगढ़ के सतनामी समाज को उन्होंने रचनात्मक दिशा प्रदान की। 'मनखे-मनखे एक समान' का सिद्धांत वाक्य प्रतिपादित करने वाले बाबा गुरु घासीदास के उपदेशों एवं वचनों के चिंतन से उनके प्रगतिशीलता एवं अनुभवजन्य विचारधारा की अनुभूति होती है। उनके जीवन वृतांतों एवं विचारों के परिशीलन करने पर यह सिद्ध है कि बाबा गुरु घासीदास को एक संप्रदाय अथवा पंथ में सीमित नहीं किया जा सकता बल्कि वे सर्वसमाज के मार्गदर्शक एवं आस्था के व्यक्तित्व है। छत्तीसगढ़वासियों एवं सतनाम के अनुयायियों के लिए गुरु घासीदास बाबा एवं उनकी जन्मस्थली गिरौदपुरी धार्मिक श्रद्धा के केंद्र है।

जनश्रुतियों के अनुसार बाबा गुरु घासीदास में अलौकिक शक्ति बाल्यकाल से ही रही है। साधु प्रवृत्ति का यह बालक कालांतर में सतनाम का उन्नायक बना, उन्हें वन्य जीवन से गहरा अनुराग था। उनका विवाह अंचल के प्रसिद्ध बौद्ध पुरातत्विक नगरी सिरपुर के अंजोरीदास एवं सत्यवती नामक दंपति की सुपुत्री सफुरा से हुआ था। उन्होंने 40 वर्ष की आयु में गृहस्थ जीवन त्याग दिया। गृहस्थ जीवन के त्याग के बाद सतनाम के मूल आधार 'सत्य' से प्रत्यक्ष साक्षात्कार के लिए वे छातागढ़ पहाड़ पर औंरा-धौरा वृक्ष के नीचे समाधि में ध्यानस्थ हुए। रज एवं तमोगुण से मुक्त सत्ववान घासीदास को सत्य का बोध होने के बाद उन्होंने अपना जीवन जनकल्याण के लिए अर्पित कर दिया। कठिन तपस्या के पश्चात बाबा गुरु घासीदास में चमत्कारिक शक्ति का अभ्युदय हुआ, इस शक्ति के द्वारा उन्होंने अंचल के जनमानस के रोग एवं शोक का निदान किया।

उन्होंने समाज सुधार एवं जनकल्याण का बीड़ा उठाते हुए छत्तीसगढ़ अंचल में उपदेश के लिए यात्रा की। यात्रा को रावटी की संज्ञा दी गई है, इस रावटी में प्रमुख रूप से बस्तर जिले के चिरईपदर, कांकेर, राजनांदगांव, दुर्ग जिले के पानाबरस मोहला, डोंगरगढ, राजनांदगांव के गंडई, कवर्धा के भोरमदेव, बिलासपुर के दलहा पोंड़ी आदि शामिल है। इस उपदेश यात्रा (रावटी) में उनके अनुयायी भी शामिल होते थे, वे रावटी में जनसामान्य को सरल छत्तीसगढ़ी भाषा में ही उपदेश दिया करते थे।

बाबा गुरु घासीदास के उपदेशों एवं अमृत वाणियों का प्रभाव इतना असरकारी था कि अन्य संप्रदाय एवं समाज के लोग भी उनसे गुरुदीक्षा लेकर उनके शिष्य बनने लगे। कालांतर में सतनाम के प्रवर्तक बाबा गुरु घासीदास जी ने भंडारपुरी को अपना कर्मस्थली निश्चित



किया, वहां गुरुद्वारा का निर्माण कर जैतखंभ स्थापित किया गया। इस प्रकार भंडारपुरी भी आस्था के केंद्र के रूप में स्थापित हुआ। इतिहासकारों के अनुसार बाबा गुरु घासीदास का निर्वाण 20 फरवरी 1850 माना गया है। 17 वीं शताब्दी में मानवता का संदेश प्रचारित कर सर्वसमाज में सामाजिक क्रांति का प्रादुर्भाव करने वाले महान संत बाबा गुरु घासीदास के विचार एवं उपदेश 21 वीं सदी में ज्यादा प्रासंगिक है, उनके विचारों में जहां पाखंड एवं व्यसनों का निषेध किया गया है वहीं नारी स्वतंत्रता, स्वालंबन तथा समान दर्जा का भाव भी मौजूद है। उनके प्रमुख उपदेशों 'सतनाम को मानो, मूर्तिपूजा मत करो, जीव हत्या मत करो, परस्त्री को माता मानो, शराब मत पियो, दोपहर में खेत मत जोतो।' के मीमांशा से यह स्पष्ट है कि बाबा गुरु घासीदास के इन सात उपदेशों में भारतीय दर्शन एवं धर्म का सारांश नीहित है। हिंदू एवं जैन धर्माचार्यों ने जहां जीव हत्या, मांसाहार एवं शराब सेवन को वर्जित किया है, वहीं सत्यनाम, मूर्तिपूजा विरोध, जात-पात निषेध, कबीरपंथ के प्रमुख सिद्धांत हैं। इन उपदेशों में 'बहुजन हिताय बहुजन सुखाय' का मूलमंत्र भी प्रतिध्वनित होती है। बाबा गुरु घासीदास के संदेशों में जहां एक ओर सामाजिक कुरीतियों, आडंबरों का प्रतिकार है, वहीं निज अनुशासन, आचरण का भाव भी समाहित है। उनके रावटी में सदियों के अन्याय, अत्याचार एवं अनाचार से मुक्ति का प्रसंग भी शामिल है। अक्षर ज्ञान न होते हुए भी बाबा गुरु घासीदास के संदेशों में व्यवहारिक ज्ञान का विद्वतापूर्ण भाव नीहित है, यह भाव ही गुरु घासीदास को सद्गुरू की उपमा से अलंकृत करती है।

बाबा गुरु घासीदास के उपदेशों एवं अमृत वाणियों में मानव समाज के सभी आयामों तथा विषयों में अनुशासन तथा शुचिता के भाव विद्यमान है। उनके विचारों में शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक एवं सामाजिक अनुशासन के उपाय निहित है, इसीलिए संत गुरु घासीदास के मानवतावादी संदेश को सतनामी समाज ही नहीं वरन छत्तीसगढ़ के सर्वसमाज ने आत्मसात किया है। बहरहाल आधुनिक परिवेश में जब देश व समाज में नैतिक व मानवीय मूल्यों का लगातार क्षरण हो रहा हो तब बाबा गुरु घासीदास के सिद्धांत एवं उपदेश सभी धर्म एवं जाति के लोगों के लिए ज्यादा प्रासंगिक हैं। जयंती अवसर पर गुरु घासीदास बाबा को शत-शत नमन।

## विशेष

सीएल लोन्हारे

# छत्तीसगढ़ के क्रांतिकारी संत बाबा गुरु घासीदास

संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास आधुनिक भारत के नैतिक, सामाजिक, धार्मिक तथा आध्यात्मिक जागरण के एक महान शिल्पी थे। आज भी उनके द्वारा प्रवर्तित सतनाम के सिद्धांत छत्तीसगढ़ के लाखों सतनाम धर्म के अनुयायियों के लिए मार्गदर्शक हैं। उनका जन्म 1756 को छत्तीसगढ़ के रायपुर वर्तमान बलौदाबाजार-भाटापारा जिला के गिरौद नामक ग्राम में हुआ था। इनके माता-पिता का नाम महंगूदास और माता अमरौतीन था। बाबा गुरु घासीदास ने गिरौदपुरी के छाता पाहाड़ में तपस्या की थी, यही से उन्हें सत्य ज्ञान की प्राप्ति हुई। संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी ने समाज को नई दिशा प्रदान करने में अतुलनीय योगदान दिया था। सत्य से साक्षात्कार करना ही उनके जीवन का परम लक्ष्य था। उन्हें सतनाम धर्म का संस्थापक माना जाता है। उनके संदेशों के कारण ही आज छत्तीसगढ़ के लोगों में स्वतंत्रता, समानता, भाईचारा एवं सहिष्णुता की भावना से ओत-प्रोत वातावरण दिखाई देता है। सतनाम के सिद्धांत किसी जाति या समुदाय विशेष के लिए नहीं है वह तो मानव मात्र के कल्याण के लिए निमित्त और सार्वभौमिक है।



संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी ने लोगों को सात्विक जीवन जीने की प्रेरणा दी। उन्होंने न सिर्फ सत्य की आराधना की, समाज में नई जागृति पैदा की और अपनी तपस्या से प्राप्त ज्ञान और शक्ति का उपयोग मानवता की सेवा के कार्य में किया। उनके सात वचन सतनाम धर्म के सप्त सिद्धांत के रूप में प्रतिष्ठित हैं, जिसमें सतनाम पर विश्वास करना, मूर्ति पूजा का निषेध, वर्ण भेद से परे, हिंसा का विरोध, व्यसन से मुक्ति, पर स्त्रीगमन की वर्जना और दोपहर में खेत न जोतना हैं। उन्होंने सतनाम अर्थात सत्य से लोगों को साक्षात्कार कराया और सत्य के प्रतीक के रूप में जैतखाम को मान्यता दी।

संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास के द्वारा दिए गए उपदेशों ने समाज के असहाय लोगों में आत्मविश्वास और अन्याय से जूझने की शक्ति का संचार हुआ। उन्होंने समाज में व्याप्त जातिगत विषमताओं को नकारा। जाति व्यवस्था का विरोध किया। उनका मानना था कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति सामाजिक रूप से समान हैसियत रखता है इसीलिए उन्होंने ''मनखे-मनखे एक बरोबर' (अर्थात मानव मानव एक समान) का संदेश दिया।

संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास के संदेशों और उनकी जीवनी का प्रसार पंथी गीतों व लोक नृत्यों के जरिए भी व्यापक रूप से हुआ। सतनाम धर्मानुयायी लोक कलाकार स्व. देवदास बंजारे ने इस प्रख्यात विधा को पंथी नृत्य और गायन के माध्यम से लगभग चौसठ देशों में अपनी प्रस्तुति देकर सतनाम धर्म का प्रचार-प्रचार किया। इसी लोक विधा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ सरकार ने उन्हें 'गुरु घासीदास सम्मान' से सम्मानित भी किया है। संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती को उत्सव के रूप में समूचे राज्य में पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाती है। इस उपलक्ष्य में गांव-गांव में मड़ई-मेले का आयोजन होता है। छत्तीसगढ़ शासन ने उनकी स्मृति में सामाजिक चेतना एवं सामाजिक न्याय के क्षेत्र में बाबा गुरु घासीदास सम्मान स्थापित किया है। संत बाबा गुरु घासीदास स्मृति को अमिट और अक्षुण्ण रखने के लिए रायपुर, छत्तीसगढ़ से करीब 145 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गिरौदपुरी में बाबा जी की जन्म स्थली, तपोस्थली एवं कर्मभूमि गिरौदपुरी, जहां विशाल स्तंभ जैतखाम का निर्माण किया गया है। जैतखाम की ऊंचाई 77 मीटर है, जबकि कुतुब मीनार 72.5 मीटर ऊंची है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति बाहुल ग्रामों के विकास हेतु अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण का गठन मुख्यमंत्री जी के अध्यक्षता में पुनर्गठन किया गया है। जिसके लिए 50 करोड़ 50 लाख रुपए का बजट प्रावधान किया गया है।

# मन को स्थिर रखना ही है जीवन का सूत्र



संकलित

दर्शन

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्रा में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

# मानवता भीतर के संस्कारों से पनपती है



संकलित

प्रेरणा

टी.एन. शेषन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे, तो परिवार के साथ छुट्टियां बिताने के लिए मसूरी जा रहे थे। परिवार के साथ उत्तर प्रदेश से निकलते हुऐ रास्ते में उन्होंने देखा कि पेड़ों पर गौरैया के कई सुन्दर घोंसले बने हुए हैं। यह देखते ही उनकी पत्नी ने अपने घर की दीवारों को सजाने के लिए गौरैया के दो घोंसले लेने की इच्छा व्यक्त की तो उनके साथ चल रहे पुलिसकर्मियों ने तुरंत एक छोटे से लड़के को बुलाया, जो वहां मवेशियों को चरा रहा था। उसे पेड़ों से तोड़ कर दो गौरैया के घोंसले लाने के लिए कहा। लडके ने इंकार में सर हिला दिया। शेषन ने इसके लिए लड़के को 10 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के के इनकार करने पर शेषन ने बढ़ा कर 50 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के ने हामी नहीं भरी। पुलिस ने तब लड़के को धमकी दी और उसे बताया कि साहब जज हैं और तुझे जेल में भी डलवा सकते हैं। गंभीर परिणाम भुगतने पढ़ेंगे। लड़का तब श्रीमती और शेषन के पास गया और कहाः साहब, मैं ऐसा नहीं कर सकता। उन घोंसलों में गौरैया के छोटे बच्चे हैं अगर मैं आपको दो घोंसले दूं, तो जो गौरैया अपने बच्चों के लिए भोजन की तलाश में बाहर गई हुई है, जब वह वापस आएगी और बच्चों को नहीं देखेगी तो बहुत दुःखी होगी जिसका पाप मैं नहीं ले सकता। यह सुनकर टी.एन. शेषन दंग रह गए। शेषन ने अपनी आत्मकथा में लिखा हैः मेरी स्थिति, शक्ति और आईएएस की डिग्री सिर्फ उस छोटे, अनपढ़, मवेशी चराने वाले लड़के द्वारा बोले गए शब्दों के सामने पिघल गई।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### बढ़ती महंगाई पर लगाम जरूरी

त्योहारों के बीच आम आदमी को महंगाई का सबसे बड़ा झटका लगा है। महंगाई में इजाफे का अनुमान तो पहले से ही लगाया जा रहा था। इसमें रोजमर्रा की कई वस्तुओं के दाम बढ़ने से आम आदमी की जेब पर सीधा असर पड़ रहा है। सब्जियों की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर आमजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। त्योहारों में बढ़ती महंगाई के कारण लोगों को खर्च करने से पहले सौ बार सोचना पड़ेगा। महंगाई का असर ऐसा होता है कि जेब में पैसों का बोझ बढ़ता जाता है और थैले में सामान कम होता जाता है। सरकार के पास कीमतें बढ़ाने के तर्क तो मौजूद हैं, मगर उन्हें रोकने का एक भी उपाय नहीं है। खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों की वृद्धि ने गरीबों का तो जीना मुहाल कर दिया है। सरकार को बढ़ती महंगाई पर जल्द ही लगाम लगानी चाहिए।

*– रतन फतनानी, भाटापारा*

## ट्रेंड

#### नीयत से नीति साफ़

तपस्या से शरीर में गर्मी नहीं आती है, चित्त शांत होता है। इससे लक्ष्य साफ़ होता है, लक्ष्य तभी साफ़ होता है जब नीयत साफ़ होती है। नीयत साफ़ होती है तो नीति साफ़ होती है, तो देश आगे बढ़ता है।

-जे.पी. नड्डा, भाजपा अध्यक्ष



#### पुलिस हत्यारे की ढाल

पीड़ित परिवार न्याय के लिए सड़कों पर है। क्या पुलिस हत्यारे की ढाल बनी हुई है? त्रिलोकपुरी में हत्या पीड़ित परिवार न्याय की भीख माँग रहा है।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम दिल्ली



#### दलितों को न्याय नहीं

हाथरस रेप पीड़िता के परिवार के हताशा से भरे एक-एक शब्द को ध्यान से सुनिए और महसूस कीजिए। ये आज भी दहशत में हैं। इनकी स्थिति इस बात की पुष्टि करती है कि दलितों को न्याय मिलना बेहद मुश्किल हो गया है। हम इस परिवार के साथ हैं और हर ज़रूरी सहायता देंगे।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद



#### स्वर्ण मंदिर में सभी एकसमान

अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में जाति, वर्ग, धर्म, लिंग कुछ भी मायने नहीं रखता। हर कोई बराबर है और हर कोई दूसरों की सेवा करने के लिए उत्सुक है। हृदय और आत्मा की ऐसी पवित्रता के बीच रहना एक आशीर्वाद है।

-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति



## करंट अफेयर

# पूजा स्थलों में विरोध प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव

ऑस्ट्रेलिया के एक राज्य की सरकार ने बढ़ते यहूदी विरोधवाद से निपटने के लिए प्रदर्शनकारियों पर नए प्रतिबंध लगाए जाने का मंगलवार को प्रस्ताव रखा, जिनमें पूजा स्थलों के बाहर प्रदर्शन करने पर प्रतिबंध लगाया जाना भी शामिल है। मेलबर्न में इस महीने आगजनी करने वालों ने एक यहूदी उपासनागृह को नुकसान पहुंचाया था और प्रदर्शनकारियों ने एक सप्ताह पहले सिडनी के उपासना गृह में श्रद्धालुओं को तीन घंटे तक बंद रखा था। इन घटनाओं के बाद विक्टोरिया की प्रीमियर जैसिंटा एलन ने नए कानून प्रस्तावित किए हैं। एलन ने कहा, 'यह शांतिपूर्ण विरोध नहीं है। यह खतरनाक व्यवहार है।'



## ऑफ बीट

# हर कोई अपना काम मशीनों को नहीं सौंपना चाहता

स्वचालित उत्पादों के लिए उपभोक्ताओं को अपने हाथ से कुछ मेहनत करने की आवश्यकता होती है – एक पारंपरिक वैक्यूम क्लीनर के बारे में सोचें जिसे अभी भी अपने हाथ से संचालित करने की आवश्यकता होती है। हालाँकि, स्वायत्त उत्पादों पर मनुष्यों को कोई मेहनत करने की आवश्यकता नहीं होती है। स्वायत्त उत्पादों द्वारा प्रतिस्थापित किए जा रहे मैन्युअल कार्यों के उदाहरणों में फर्श की सफाई (रोबोटिक वैक्यूम क्लीनर), लॉन की घास काटना (रोबोटिक लॉन घास काटने की मशीन), और ड्राइविंग (स्व-ड्राइविंग कार) शामिल हैं।



# जनता से मधुर व्यवहार करें पुलिस कर्मी: पुलिस अधीक्षक

## पुलिस अधीक्षक ने ली साप्ताहिक परेड की सलामी

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक बहराइच श्रीमती वृन्दा शुक्ला द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी व कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार करने के लिए निर्देशित किया गया।परेड के उपरान्त कप्तान द्वारा पुलिस लाइन में बैरकों, स्नानगृह व शौचालयों का निरीक्षण कर जहाँ मरम्मत की आवश्यकता है वहां शीघ्र ही मरम्मत करवाने तथा पुलिस लाइन परिसर में बेहतर साफ सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया।मौके पर एसपी ने पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर क्वार्टर गार्ड, शस्त्रागार, स्टोर रूम, परिवहन शाखा, रेडियो शाखा, डायल-112 तथा आरओ प्लान्ट का निरीक्षण किया। साथ ही पुलिस लाइन में हो रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता तथा समयबद्धता का परीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि उच्चकोटि की गुणवत्ता बनाये रखते हुए जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा किया जाए।इसके अतिरिक्त कप्तान द्वारा पुलिस लाइन में होने वाले अन्य शेष मरम्मत के कार्यों की समीक्षा की गई जिसके सम्बन्ध में जल्द ही कार्य आरम्भ कराया जाएगा। तत्पश्चात पुलिस लाइन के आदेश-कक्ष में अर्दली रूम कर सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के सम्बन्ध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।इस दौरान क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रवि खोखर, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह, शाखाओं के शाखा प्रभारी तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### ट्रैक्टर-ट्राली में पीछे से टकराई पिकअप

अमेठी में हुआ हादसा, चालक और कंडक्टर गंभीर रूप से घायल, लगा जाम

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, अमेठी के मुंशीगंज थाना क्षेत्र में देर शाम तेज रफ्तार पिकअप ने लकड़ी लदी ट्रैक्टर ट्राली को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दोनों गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए। हादसे में पिकअप के चालक और कंडक्टर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है। यह घटना अमेठी-सुल्तानपुर मार्ग पर स्थित बंदोईया गांव के पास हुई। ट्रैक्टर ट्राली चोरी-छुपे हरे पेड़ों की लकड़ी लादकर जा रही थी, तभी पीछे से तेज रफ्तार पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। हादसा इतना भयंकर था कि दोनों वाहनों के टुकड़े टुकड़े हो गए। पिकअप के चालक और कंडक्टर को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा। हादसे के बाद सड़क पर गिरे लकड़ी के ढेर और दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों के कारण दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। सूचना मिलते ही मुंशीगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद सड़क से गाड़ियों और लकड़ियों को हटा कर यातायात को फिर से सामान्य किया।घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया, जबकि ट्राली घटनास्थल पर पड़ी रही।पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### कोहरे के कारण ट्रक और कैंटर की भिड़ंत

7 गंभीर घायल, साप्ताहिक बाजार के लिए मेरठ से गजरौला जा रहे थे सभी

अमन लेखनी समाचार

हापुड़, हापुड़ में घने कोहरे के कारण मेरठ-बुलंदशहर हाईवे पर ट्रक और कैंटर की टक्कर हो गई। हादसा कोतवाली देहात इलाके के धनौरा कट के पास हुआ।जिसमें 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि कुछ को मामूली चोटें आईं। टक्कर के बाद चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल भिजवाया। यह घटना सुबह हुई। जब कोहरे की वजह से वाहन चालकों को सड़क पर साफ दिखाई नहीं दे रहा था। हादसे में कैंटर का एक्सल टूट गया और वह पलट गया। कैंटर में करीब 25 लोग सवार थे। जो साप्ताहिक बाजार लगाने गजरौला जा रहे थे। दुर्घटना के बाद पुलिस बल के साथ कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार सिंह, एसडीएम अंकित वर्मा और सीओ जितेंद्र शर्मा भी घटनास्थल पर पहुंचे। कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि 7 गंभीर रूप से घायल लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ब्राह्मण वेलफेयर महासभा के प्रदेश सदस्य एवं मण्डल प्रभारी बने सजल मिश्रा

ब्राह्मण समाज के लोगों ने जताया हर्ष

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज/रूपईडीहा, बहराइच। ब्राह्मण वेलफेयर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद मोहन मिश्र के द्वारा जनपद उन्नाव के ग्राम बिहार (सुमेरपुर) निवासी सजल कुमार मिश्र को ब्राह्मण वेलफेयर महासभा उत्तर प्रदेश का प्रदेश सदस्य प्रदेश कार्यसमिति एवं मण्डल प्रभारी लखनऊ मण्डल का नवीन दायित्व प्रदान किया गया। सजल कुमार मिश्र की लगातार सामाजिक कार्यो मे सक्रियता, समाज के प्रति निष्ठा तथा रुचि को देखकर उन्हे पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौपी गई है। ब्राह्मण वेलफेयर महासभा राष्ट्रीय स्तर का संपूर्ण भारत मे कार्य करने वाला गैर राजनीतिक सामाजिक संगठन है जो ब्राम्हण समाज के लोगो मे राष्ट्रवाद की भावना पैदा करना, सर्वांगीण विकास, नशामुक्ति आदि उद्देश्यों पर कार्य करता है। श्री मिश्र को महासभा का प्रदेश सदस्य एवं मण्डल प्रभारी बनाये जाने पर रवि मोहन शुक्ल, वीरेंद्र मिश्र, बलदेव प्रसाद पांडेय, शरद शुक्ल, विनोद गिरि, संतोष मिश्रा, जितेंद्र शर्मा, आनंद मिश्रा, उमाकांत द्विवेदी, अवधेश त्रिपाठी सहित ब्राह्मण समाज के लोगो ने हर्ष व्यक्त किया है।

# शिक्षकों के प्रशिक्षण में बताई समेकित शिक्षा की बारीकियां

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच।विकास क्षेत्र नवाबगंज के परिषदीय विद्यालयों कार्यरत शिक्षकों को सामान्य बच्चों के साथ दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के तौर तरीके सिखाने तथा विभिन्न प्रकार का दिव्यांगता की पहचान करने तथा दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण उच्च प्राथमिक विद्यालय बाबागंज में आयोजित किया जा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संदर्भदाता अशोक कुमार एवं विनोद सिंह ने प्रतिभागियों को दिव्यांगता, दिव्यांगता के प्रकार, कारण एवं दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन आदि की जानकारी दी। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा ने कहा कि दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं है। आज दिव्यांग बच्चें भी पढ़ लिख कर सामान्य बच्चों की तरह हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं।जरूरत है उन्हें उचित मार्गदर्शन देने और सामान्य बच्चों के समान सुविधाएं सुलभ कराने की।उन्होंने कहा कि मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि प्रतिभागी प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारियों का अपने विद्यालयों में सम्यक प्रयोग करते हुए दिव्यांग बच्चों के चतुर्दिक विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस मौके पर त्रिलोकीनाथ, कौशल किशोर वर्मा, सुग्रीव वर्मा, अविराज सैनी, महेश वर्मा, मो0 असलम, राकेश वर्मा, निगार सुल्ताना, रेखा वर्मा, सतेंद्र कुमार, विकास द्विवेदी, रुपेश कुमार, अजय मिश्रा, पूजा मिश्रा आदि उपस्थिति रहे।

# आबकारी विभाग एवं ड्रग इंस्पेक्टर ने की छापेमारी

नेपाल के सरहदी इलाकों में संयुक्त टीम की छापामारी



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। आबकारी विभाग की टीम एवं ड्रग इंस्पेक्टर की मौजूदगी में नेपाल के सरहदी इलाकों में सघन छापेमारी की गई। नेपाल के सरहद इलाकों में नशीली दवा के सूचना मिलने पर आबकारी विभाग एवं ड्रग इंस्पेक्टर विनय कृष्णा यादव की संयुक्त टीम ने कई जगहों पर भयंकर छापेमारी की जिससे कई मेडिकल स्टोर से सैंपल लिए गए और कई मेडिकल स्टोर वाले अपनी दुकान बंद करके भागने में सफल रहे।

जिलाधिकारी बहराइच के निर्देशानुसार जिले में नशीली दवाओं की बिक्री की रोकथाम के लिए कड़ाई से अनुपालन के संबंध में पूरे जिले में छापेमारी की जा रही है। इस दौरान अगर कोई भी मेडिकल स्टोर वाला या कोई भी व्यक्ति नशीली दवा बेचने के सिलसिले में पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर धाराओं में कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध खनन करते पकड़े गए चार वाहन एक मशीन जब्त

## गोपनीय सूचना पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने की छापेमारी

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। तहसील कैसरगंज अंतर्गत थाना फखरपुर ग्राम बसंता गांव के निकट अवैध खनन की सूचना पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आलोक प्रसाद आईएएस कैसरगंज एवं तहसील की टीम के साथ औचक छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान अवैध खनन करने वाले अपना वाहन छोड़कर फरार हो गए।पुलिस ने चार वाहन को जब्त कर लिया।अवैध खनन कर मुनाफा कमाने में लगे लोगों में हड़कंप मच गया।एसडीएम ने कहा कि अवैध खनन करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।कुछ लोग अवैध खनन कर रहे हैं, इस सूचना पर नायब तहसीलदार बृजेश कुमार के साथ मौके पर पहुंच उन्होंने मौके पर मिट्टी खोदने की एक मशीन और चार ट्रैक्टर ट्राली अवैध रूप से खनन करते पकड़ा। वाहन चालक वाहनों के संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए, इस पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आलोक प्रसाद ने कार्रवाई करते हुए सभी वाहनों और मशीनों को जब्त कर लिया। वाहनों को थाना अध्यक्ष फखरपुर के सुपुर्द कर दिया गया है। इस अभियान का उद्देश्य खनन गतिविधियों को वैधानिक और पर्यावरण संरक्षण के अनुरूप बनाना है। इस मौके पर थाना अध्यक्ष फखरपुर भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर मौजूद रहे।

# बांदा में ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

- सड़क पार करते समय हादसा, आक्रोशित ग्रामीणों ने लगाया जाम

अमन लेखनी समाचार



बांदा, जिले में सड़क पार कर रहे युवक को किसी अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी जिसकी वजह से युवक की मौके पर मौत हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने मृत युवक के परिजनों को मुआवजा दिलाने को लेकर जाम लगा दिया।मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूरा मामला नरैनी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पुंगरी गांव से सामने आया है। अजयगढ़ जिला पन्ना के रहने वाले काशी प्रसाद पुत्र फल्लू यादव जो किसी काम से पुंगरी आए हुए थे। कल देर रात को सड़क पार करते समय किसी अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी जिसकी वजह से युवक की मौके पर मौत हो गई। ग्रामीणों ने जब घटना होते देखा तो आक्रोशित होकर करतल-नारायणी मार्ग को पूरी तरीके से जाम कर दिया। ग्रामीणों की मांग थी ट्रक की पहचान कर ड्राइवर और ट्रक को पकड़ लिया जाए और मृत युवक के परिजनों को मुआवजा दिलाया जाए। सूचना पर कई थानों की पुलिस फोर्स पहुंची, जो लगभग 3 घंटे कड़ी मशक्कत के बाद कड़ी कार्यवाही और उचित मुआवजे को दिलाने की बात स्वीकार कर अधिकारियों ने जाम खुलवाया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है आगे कार्रवाई में जुट गई है।

# दो दिवसीय खण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच।नेहरू युवा केन्द्र बहराइच में दो दिवसीय खण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन विकास खण्ड रिसिया के शान्ति शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलेज शिवगढ़ बलभद्दरपु मे किया गया। खेल प्रतियोगिता के बिकास खण्ड रिसिया के युवा महिला मंडलों के युवक युतियों ने प्रतिभाग किया बालक वर्ग में वालीबॉल 400 मीटर दौड़ कुश्ती बालिका वर्ग मे कबाडी सकील दौड़ बैडमिटन प्रतियोगिता कराया गया वालीबॉल में शुकाईपुरवा प्रथम धोनीघाट द्वितीय 400मीटर दौड़ मे रोहित शिवस्तव प्रथम रोहित चौधरी 2 कुश्ती प्रथम निशांत अभिषेक यादव द्वितीय बालिका वर्ग मे महिला मंडल पांचपुरवा प्रथम द्वितीय महिला मंडल गोकुलपुर सकील दौड़ मे प्रथम निधि वर्मा द्वितीय नसरीन व शिवानी पाठक तृतीय स्थान पर बैडमिंटन में प्रथम शिवानी यादव द्वितीय महक वर्मा को मिला।मुख्यातिथि ब्रिजेश नाथ पाठक प्रधानाचार्य शान्ति शिक्षा निकेतन शिवगढ़ बलभद्दरपु मे प्रतियोगिता मे मे सभी को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया।प्रतियोगिता मे सहयोगी शिक्षा निर्णयक व आतिथ्य गढ़ों को मुमंतो देकर केंद्र के लेखक एवं कार्यक्रम प्रवेशक इंद्रसेन चौधरी ने सम्मानित किया।खेल प्रतियोगिता मे सहयोगी पूर्व अध्यक्ष युवा मंडल इमामनगर के नरेंद्र कुमार वा भैंसहा के कैलाश नाथ का महतपुड़ योगदान रहा।खेल प्रतियोगिता मे विद्यालय मे वशिष्ठ शिक्षक सुखदेव वर्मा नीलम पाठक पुष्पा वर्मा अंजनी आदि की उपस्थिति रही।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर पलटी बस

कार को ओवरटेक करने में हादसा, 4 यात्री घायल, गोरखपुर के रहने वाले हैं सभी

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। आज दोपहर लखनऊ से गाजीपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार निजी बस कार को ओवरटेक करने के चक्कर मे पलट गई। हादसे में बस सवार एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने कई घायलों का मौके पर इलाज किया, जबकि गंभीर रूप से घायल महिला समेत चार लोगों को इलाज के लिए बाजार शुकुल सीएचसी में भर्ती कराया गया है।सभी घायल गोरखपुर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के रहने वाले हैं। पूरा मामला अमेठी के बाजार शुकुल थाना क्षेत्र और सुल्तानपुर जिले के हलियापुर थाना क्षेत्र के बॉर्डर पर स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के किलोमीटर संख्या 76.9 का है। आज दोपहर लखनऊ से गाजीपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार निजी बस सामने जा रही कार को ओवरटेक करने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गई।

हादसे में बस पर सवार एक दर्जन यात्री घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही यूपीडा पेट्रोलिंग टीम और एसओ हरि सिंह दो एम्बुलेन्स के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों का इलाज शुरू करवाया।गंभीर रूप से घायल हरिलाल पुत्र राम ब्रिज, रामकुमार पुत्र राम हरख, निशा पुत्री राधेश्याम और राम कुमार पुत्र सार्थ को इलाज के लिए बाजार शुकुल सीएचसी में भर्ती कराया गया। सभी घायल गोरखपुर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के रहने वाले हैं। हादसे के बाद यूपीडा की टीम एक्सप्रेस वे पर पलटी बस को हटाने में जुटी हुई है।

# सीएमओ ने अनुपस्थित कर्मियों का वेतन रोका

## ट्रामा सेंटर का निरीक्षण, बाहर की दवा लिखने पर कार्रवाई की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार




अमेठी जिला, सीएमओ अंशुमान सिंह का अस्पतालों में ताबड़तोड़ औचक निरीक्षण लगातार जारी है। आज सीएमओ ने जगदीशपुर ट्रामा सेंटर और सीएचसी का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान कई कर्मचारी अनुपस्थित मिले, जिस पर सीएमओ ने नाराजगी जताते हुए सभी कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने का आदेश दिया। सीएमओ ने सख्त निर्देश दिया कि लैब की रिपोर्ट 48 घंटे के अंदर मरीजों को उपलब्ध करा दी जाए।इसके साथ ही डॉक्टरों द्वारा बाहर की दवा और बाहर की जांच लिखने पर कड़ी कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया।अमेठी सीएमओ अंशुमान सिंह पिछले कई दिनों से जिले के सीएचसी और पीएचसी का औचक में निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की हकीकत को परख रहे हैं। एक दिन पहले सीएमओ ने संग्रामपुर सीएचसी का औचक निरीक्षण किया था तो आज सीएमओ ने जगदीशपुर ट्रामा सेंटर और सीएचसी का औचक। निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान सीएचसी में आधा दर्जन से अधिक कर्मचारी अनुपस्थित मिले, जिस पर सीएमओ ने नाराजगी जताते हुए सभी कर्मचारियों के एक दिन का वेतन रोकने का आदेश दिया। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में गंदगी मिलने पर 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए अस्पताल प्रशासन को साफ सफाई कराने का आदेश दिया।

सीएमओ ने लैब कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि 48 घंटे के भीतर मरीजों द्वारा जांच कराई गई रिपोर्ट को उनको सौंप दिया जाए। अगर किसी भी डॉक्टर द्वारा बाहर की दवा लिखी गई या फिर जांच के लिए मरीजों को बाहर भेजा गया तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# दो युवकों से मारपीट के बाद लूट

एक गंभीर हालत में रेफर, दुकान से गांव लौट रहे थे, नकाबपोश बदमाशों ने घेरा

अमन लेखनी समाचार



अमरोहा, गजरौला थाना क्षेत्र के चकनवाला मार्ग पर बीती रात नगलिया अड्डे से लौट रहे दो बाइक सवारों ने गांव खेड़की के पास आधा दर्जन नकाबपोश बदमाशों द्वारा लूटपाट के बाद मारपीट करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद बदमाश फरार हो गए।इसके बाद दोनों पीड़ित थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने एक घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया। यहां से उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। उधर इस मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में जांच पड़ताल की जा रही है। गजरौला थाना क्षेत्र के गांव सकरथली निवासी प्रमोद पुत्र ब्रह्मपाल सिंह और सचिन पुत्र संजय थाना क्षेत्र के ही गांव नगलिया अड्डे पर दुकान करते हैं। रात दोनों दो अलग-अलग बाइकों से गांव लौट रहे थे। आरोप है कि जैसे ही दोनों खेड़की गांव के पास पहुंचे, वहां अचानक आधा दर्जन नकाबपोश बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। साथ ही मारपीट करते हुए लूटपाट की। इस मारपीट में प्रमोद को गंभीर चोट लग गई, जिसे गजरौला सीएचसी से हायर सेंटर रेफर किया गया है। उधर पीड़ित प्रमोद ने बताया कि नकाबपोश बदमाश दोनों से करीब दस से 15 हजार रुपए ले गए हैं। घटना के बाद दोनों थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। फिलहाल पुलिस के अधिकारी इस मामले में अभी जांच पड़ताल किए जाने की बात कह रहे हैं। गजरौला में दो बाइक सवारों द्वारा मारपीट और लूटपाट के मामले में नया मोड आया है। बुधवार को गजरौला थाना प्रभारी रणवीर सिंह ने बताया कि पीड़ित द्वारा तहरीर दी गई है। मामला लूटपाट का नहीं है। आपसी मारपीट का मामला है। पीड़ित द्वारा नामजद तहरीर दी गई है। मामले में वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर भिड़े तीन वाहन

सुल्तानपुर में पहले डीसीएम फिर कंटेनर ने मारी टक्कर, ड्राइवर का पैर टूटा

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर एक के बाद एक तीन माल वाहक वाहन भिड़ गए।इसमें एक ट्रक चालक का पैर टूट गया है। जबकि कंटेनर, डीसीएम और ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। यूपीडा कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू किया है। घटना दोस्तपुर थाना क्षेत्र के किमी 155 की है। जानकारी के अनुसार कंटेनर का चालक रवि कुमार (44) पुत्र प्रेमचंद निवासी बुढ़िया थाना बुढ़िया जनपद यमुनानगर हरियाणा पॉइंट 153.3 पर गाड़ी खड़ी करके बाथरूम के लिए गया था। इसी समय पीछे से दूसरी डीसीएम गाड़ी का चालक दिनेश पुत्र संतराम निवासी फतेहगंज पश्चिमी थाना फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली साथ में दूसरा ड्राइवर पप्पू (50) वाहन लेकर पहुंचा। डीसीएम काफी स्पीड में थी ऐसे में वो आगे खड़ी ट्रक कंटेनर से जा टकराई। इसी के पीछे कंटेनर का चालक लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए आया और आगे खड़ी डीसीएम गाड़ी में बाएं से टक्कर मार दिया। इससे मौके पर तीनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।सबसे पीछे वाला ट्रक आगे से ज्यादा क्षतिग्रस्त हुआ है।सभी गाड़ियों को मौके से सुरक्षा के दृष्टिकोण से हटाने के लिए जीआर कंपनी के रिकवरी वैन को तत्काल बुलाया गया है।सेफ्टी केन सुरक्षा के दृष्टिकोण से लगाया गया। यूपीडा के सहायक सुरक्षा अधिकारी त्रिलोकीनाथ पांडे भी मौके पर पहुंचे।उन्होंने बताया कि आवश्यक कार्यवाही करते हुए आवागमन चालू कराया गया। दूसरी डीसीएम गाड़ी के चालक पप्पू का पैर टूट गया।

# बीड़ी कंपनी में जीएसटी की छापेमारी

करोड़ों रुपए के टैक्स चोरी का शक, कई गाड़ियों में पहुंची टीम, डॉक्यूमेंट्स जब्त किए

अमन लेखनी समाचार




अमरोहा, शहर में जीएसटी टीम ने बड़ी छापेमारी की है।जीएसटी की 10 से ज्यादा टीमें छापेमारी में शामिल हैं। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में माल बरामद किया गया है, जिसकी कीमत कई करोड़ रुपए आंकी जा रही हैं। छापेमारी नामी बीड़ी कंपनी के तीन कारोबारी के यहां चल रही है। फिलहाल जीएसटी की छापेमारी से व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि यहां बीड़ी कंपनियों द्वारा भारी संख्या में जीएसटी चोरी की जा रही थी। फिलहाल टीम की जांच पड़ताल जारी है।बता दें कि जीएसटी की टीम अमरोहा में पिछले एक सप्ताह से एक्टिव है।हाल ही में टीम ने नौगावां सादात कस्बे में जैकेट कारोबारी के यहां दस करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी थी। इसके साथ ही जीएसटी के अधिकारियों ने बताया था कि अमरोहा में और भी ऐसे कारोबारी हमारी नजर में है, जिनके द्वारा जीएसटी चोरी की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को जीएसटी की टीम ने अमरोहा शहर में स्थित बीडी कारखानों पर छापा मारा। बताया जा रहा है कि छापेमारी करोड़ों रुपये का टैक्स चोरी के शक में की गई है। एडिशनल कमिश्नर ग्रेड 2 के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई है। जीएसटी टीम ने कारोबारी के घर और ऑफिस में छापेमारी की है।इसके साथ ही कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं।जीएसटी टीम के एडिशनल कमिश्नर ग्रेट 2 आरए सेठ ने बताया कि बीड़ी कारोबारी ने जीएसटी के नियमों का उल्लंघन किया है और करोड़ों रुपये का टैक्स चोरी की है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना चौराहे पर शुक्रवार को अनियंत्रित ट्रक बाइक सवार को ठोकर मार दिया जिसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी से सेमरियाहवा थाना दुधारा जिला संतकबीरनगर निवासी जमील अहमद पुत्र मोहम्मद सलीम 62 वर्ष शुक्रवार को बाइक से गोरखपुर दवा लेने जा रहा था। जैसे ही सहजनवा थाने चौराहे पर पहुंचा अनियंत्रित ट्रक ने बाइक को ठोकर मार दिया जिसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। और ट्रक को भी कब्जे में ले लिया है।

### 12 डीजे संचालक पुलिस-प्रशासन के रडार पर

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, गुलावठी शहर में सड़कों पर तथा कार्यक्रमों में बेहद तेज आवाज में डीजे बजाकर लोगों की हेल्थ से खिलवाड़ करने वाले डीजे संचालक पुलिस-प्रशासन के रडार पर आ गए हैं। ध्वनि प्रदूषण को बढ़ावा देने वाले 12 डीजे संचालकों को गुलावठी पुलिस द्वारा नोटिस देने से डीजे संचालकों में हड़कं प मचा हुआ है। गुलावठी कोतवाली प्रभारी सुनीता मलिक का कहना है कि तेज आवाज में डीजे बजाकर ध्वनि प्रदूषण को बढ़ावा देने वाले डीजे संचालकों को नोटिस दिया गया है। अगर नोटिस के बाद भी किसी डीजे वाले ने नियम तोड़े तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा तय सीमा के अनुसार रिहायशी इलाकों में ध्वनि प्रदूषण की सीमा 45 से 55 डेसीबल तक निर्धारित की गई है, लेकिन डीजे संचालक ध्वनि प्रदूषण की सीमा को पार करते हुए 100 डेसीबल तक डीजे बजा रहे हैं जो कानों के लिए ही नहीं बल्कि हार्ट के लिए भी बेहद हानिकारक हैं। जिस समय ये डीजे तेज आवाज पर बजते हैं, उस वक्त उसके आसपास के लोगों के दिलों की धड़कन तेज हो जाती हैं, वहीं बिल्डिंग में कंपन्न शुरू हो जाता है। यहां तक की डीजे बजने वाले आसपास की जगहों के लोगों की शिकायत है कि तेज आवाज के डीजे से उनके मकानों के शीशे तक क्रेक हो चुके हैं। तय सीमा से अधिक डेसीबल की आवाज अस्थाई रूप से बहरापन, कानों का सुन्न होना, हार्ट पर बुरा असर डालती है। ये कहना है कि डॉ. लोकेश कौशल्या का। डॉ. कौशल्या के अनुसार वृद्ध और बच्चों के लिए तो तेज आवाज के डीजे बेहद घातक हैं।

### शिकारपुर में बढ़ रहीं चोरी की घटनाएं

अमन लेखनी समाचार

शिकारपुर, शिकारपुर में नगर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाते हुए लाखों के जेवर और नकदी चुरा ली। शिवलोक कॉलोनी और मौहल्ला सराय में हुई इन वारदातों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। चोरों के बुलंद हौसलों से कस्बे में दहशत का माहौल है।

# 31 से पहले किसानों को कराना होगा किसान सम्मान निधि योजना का पंजीकरण

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत सभी किसानों का फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य कर दिया गया है। जो किसान 31 दिसंबर तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं करा पाएंगे उनकी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अगली किस्त रोक दिया जाएगा। उपजिलाधिकारी दीपक गुप्ता ने किसानों से जल्द रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की है। फार्मर रजिस्ट्री के बाद मिलेगा

गोल्डन कार्ड : फार्मर रजिस्ट्री के बाद किसानों को एक डिजिटल पहचान पत्र यानी गोल्डन कार्ड मिलेगा। फार्मर रजिस्ट्री में किसान व उसके पिता का नाम, उसके स्वामित्व वाले सभी गाटा संख्या, सह खातेदार होने की स्थिति में गाटा में किसान का अंश, मोबाइल नम्बर, आधार कार्ड संख्या व ई-केवाईसी का विवरण दर्ज किया जाएगा। वहीं आपको बताते चलें कि ग्राम पंचायत सहायक सीमा सिंह पत्नी सतीश सिंह ने बताया ग्राम सभा माधोपुर ,कररिया में कैम्प लगाया गया है। जिसमें लगभग 55लोगों का पंजीकरण हो गया है अभी बहुत लोगों का पंजीकरण बाकी है लेकिन ग्राम पंचायत सहायक होने के नाते मेरा अथक प्रयास जारी है सभी लोगों का पंजीकरण करा दिया जाएगा। जिससे लोगों को किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल सके। रजिस्ट्री के बाद ये मिलेगा लाभः किसानों का फार्मर रजिस्ट्री तैयार होने के बाद उन्हें सिर्फ पीएम-किसान सम्मान निधि ही नहीं बल्कि केसीसी, फसल बीमा, एमएसपी, कृषि इन्फास्ट्रक्चर फण्ड जैसी अनेक योजनाओं का भी लाभ मिलेगा। डिलिटल डाटा समय-समय पर अपडेट किया जा सकेगा। डिजिटल डाटा तैयार होने के बाद सरकारी योजनाओं का लाभ किसानों को सीधे मिल सकेगा। कैंप लगाकर 55 किसानों की हुई फार्मर रजिस्ट्री, यहां होगा पंजीकरण फार्मर रजिस्ट्री विभागीय पोर्टल agristack. govया मोबाइल एप FARMER REGISTRY UP के माध्यम से कैम्प मोड में पंजीकरण किया जा सकेगा। किसी भी जन सेवा केंद्र पर इसे आसानी से कराया जा सकता है। पंजीकरण के लिए जरूरी दस्तावेजः फार्मर रजिस्ट्री कराने में अधिक दस्तावेज की जरूरत नहीं है। इसके लिए केवल किसान को आधार कार्ड, आधार सीडेड मोबाइल नंबर और खतौनी लगाना होगा। आधार सीडेड मोबाइल नंबर नहीं होने पर परिवार के किसी का भी मोबाइल नंबर लगाया जा सकता है।

उक्त संदर्भ में उपजिलाधिकारी सहजनवां दीपक गुप्ता ने कह सभी किसानों को फार्मर रजिस्ट्री 31 दिसंबर तक करा लेना है। जो नहीं करा पाएंगे, उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की धनराशि नहीं मिलेगी। ऐसे में सभी से अपील है कि कृपया अपने गांव के कृषि विभाग के कार्मिक, रोजगार सेवक, पंचायत मित्र एवं लेखपाल से सहयोग लेकर अपना फार्मर रजिस्ट्री तैयार करा लें।

# आनंद नगर जीआरपी ने यात्री को लौटाया खोया हुआ समान




अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। आनंद नगर रेलवे स्टेशन पर एक महिला यात्री की आभूषणों से भरा बैग छूट गया। सूचना पर तैनात जीआरपी की टीम ने यात्री का खोया हुआ सोने का आभूषण और नकदी बरामद कर उसे वापस किया है। आवेदिका नाजिरा खातून पत्नी अब्दुल रशीद निवासी करमहा चौराहा थाना बृजमनगंज जनपद महाराजगंज, बढ़नी जाने वाली ट्रेन में चढ़ते समय अपना बैग प्लेटफॉर्म पर ही भूल गई थीं। बैग में सोने के आभूषण और लगभग 2900 रुपये की नकदी थी। सूचना मिलते ही जीआरपी प्रभारी निरीक्षक आदित्य सिंह व हेड कांस्टेबल बृजेश यादव सुनील त्रिपाठी काली प्रसाद यादव देवेंद्र यादव ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए बैग को बरामद किया और आवेदिका को सुरक्षित रूप से सौंप दिया। आवेदिका ने जीआरपी की इस सराहनीय पहल की खूब प्रशंसा की।

# बिजनौर में डिजिटल शिक्षा की पहल

### डीएम ने स्मार्ट क्लास का किया शुभारंभ, 18 स्कूलों को मिले कंप्यूटर और छात्रों को शब्दकोश

अमन लेखनी समाचार

बिजनौर, बिजनौर में जिला प्रशासन की ओर से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में तैयार की गई स्मार्ट कक्षा का आज शुभारंभ किया गया। जिले के डीएम अंकित अग्रवाल ने स्मार्ट क्लास का उद्घाटन कर डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में कदम बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान कंप्यूटरविहीन 18 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को कंप्यूटर उपलब्ध कराए गए। इसके



अलावा हिंदी-अंग्रेजी शब्दकोश भी छात्र-छात्राओं के लिए प्रदान किए गए, ताकि उनकी शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार हो सके। इस मौके पर डीएम ने माध्यमिक शिक्षा विभाग के डिजिटल पोर्टल के बारे में जानकारी दी और निर्देश दिया कि विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को डिजिटल शिक्षा से अवगत कराया जाए। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने स्मार्ट क्लास का डेमो छात्राओं के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यालयों के शिक्षकों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि बेसिक कंप्यूटर की जानकारी हर छात्र को मिले। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या ने स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर और शब्दकोश उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सुविधाएं छात्रों की पढ़ाई को सहज और आधुनिक बनाने में मददगार साबित होंगी।

# खनन माफिया ने तोड़ डाला 50 सर्विस केबल और पोल

## करीब तहसील रोड पर 6 घंटे बाधित रही विद्युत

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील क्षेत्र में वर्तमान समय में खनन माफियाओं का बोलबाला है। प्रशासन के नाक के नीचे खनन माफिया का कारोबार जारी है। यही नहीं देर रात होते ही खनन माफियाओं के वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से गुजरते है। जिससे राहगीर भी भयभीत रहते है। शुक्रवार को भोर में 3 बजे के करीब खनन माफियाओं के डंफर तहसील रोड से लेकर जलकल तक करीबी 50मीटर सर्विस केवल जो उपभोक्ताओं के है।और तहसील परिसर के सामने एबीसी केबिल तोड़ डाला इसके अलावा तहसील मोड पर लगा विद्युत पोल जिससे 33 हजार विद्युत प्रवाहित होता



उसे तोड़ डाला। जिससे करीब 6 घंटे विद्युत प्रभावित रही है। सरकारी और निजी कार्य ठप पड़ गए थे। विद्युत विभाग के कर्मचारियों के अथक प्रयास से विद्युत बहाल हो गई है। इस संदर्भ में एसडीओ सौरभ श्रीवास्तव ने कहा की डंफर चालक के खिलाफ थाने में तहरीर दी जाएगी।

# गाजियाबाद में ड्यूटी से लौट रही युवती से छेड़छाड़

### दुपट्टा खींचा, फिर अगवा करने की कोशिश; भीड़ ने युवक को पीटा, आरोपी हिरासत में

अमन लेखनी समाचार

मोदीनगर, गाजियाबाद के दिल्ली-मेरठ मार्ग पर बाइक सवार मनचले ने मंगलवार रात ड्यूटी से लौट रही युवती से छेड़छाड़ करते हुए अगवा करने का प्रयास किया। मनचले ने करीब 500 मीटर तक युवती का पीछा किया और उसका दुपट्टा खींचकर बाइक पर बैठाने का प्रयास किया। सड़क पर गिरने से युवती घायल हो गई। मौके पर जमा भीड़ ने मनचले की धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। नगर की एक कॉलोनी निवासी युवती गाजियाबाद स्थित एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करती है। युवती ने बताया- रात वह ड्यूटी के बाद घर लौट रही थी। वह 9.30 बजे मोदीनगर नार्थ स्टेशन पर उतरी। युवती स्टेशन से पैदल ही घर के लिए चल दी।

युवती ने बताया- इसी दौरान एक बाइक सवार युवक पीछे पड़ गया। जब मैं एटीएम से रुपए निकालने लगी तब भी वह पीछे चक्कर काटता रहा। जैसे ही मैंने गंदा नाला पार किया तो बाइक सवार युवक मेरे पास पहुंच गया और छेड़छाड़ करने लगा। तभी युवक ने मेरा दुपट्टा उसने खींच लिया। और छेड़छाड़ करते हुए बाइक पर बैठाने का प्रयास करने लगा। तभी युवती ने शोर मचा दिया। तभी कुछ लोग पहुंचे और आरोपी युवक को दौड़ा लिया। उसे पकड़कर जमकर धुनाई कर दी। एसीपी मोदीनगर ने बताया- मामला छेड़छाड़ का है। आरोपी दिलशाद सैफी निवासी सैदपुर हुसैनपुर थाना भोजपुर को हिरासत में ले लिया गया है।

# ईस्टर्न पेरिफेरल पर आधा दर्जन गाड़ियां भिड़ी

- घने कोहरे के कारण हादसा, आठ लोग घायल

अमन लेखनी समाचार



बागपत, बागपत के खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र के बसी कट के पास घने कोहरे के कारण ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर बड़ा हादसा हो गया। आधा दर्जन गाड़ियां आपस में टकरा गईं, जिसमें करीब आठ लोग मामूली रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे किया और घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा। घटना के एक गवाह और वाहन चालक मनोज ने बताया कि आगे चल रही एक गाड़ी के चालक ने अचानक ब्रेक लगाए, जिससे उनकी गाड़ी उससे टकरा गई। इसके बाद पीछे से आ रही चार अन्य गाड़ियां भी एक-दूसरे से भिड़ गईं। स्थानीय निवासी राहुल ने बताया कि सुबह कोहरा इतना घना था कि विजिबिलिटी शून्य के बराबर थी। कोहरे की वजह से वाहन चालक स्थिति का आकलन नहीं कर सके और यह हादसा हो गया। घटना के बाद प्रशासन ने वाहन चालकों को कोहरे के दौरान विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। लोगों को हेडलाइट्स ऑन रखने, यातायात नियमों का पालन करने और अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की गई है। प्रशासन ने कहा कि घने कोहरे में वाहन चलाते समय आवश्यकता पड़ने पर ही घर से बाहर निकलें और सभी एहतियात बरतें। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त गाड़ियों को एक्सप्रेसवे से हटाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू किया। पुलिस ने कहा कि सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और एक्सप्रेसवे पर यातायात सामान्य हो चुका है।

# धामपुर में शिक्षक पर जानलेवा हमले पर गिरफ्तारी की मांग

### भारतीय किसान यूनियन ने कोतवाली का किया घेराव, पुलिस नही कर रही कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार

धामपुर, धामपुर के बिजनौर में 9 दिसंबर को धामपुर के सुभाष चौक पर शिक्षक लोकेन्द्र सिंह पर हुए जानलेवा हमले के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज भारतीय किसान यूनियन (भानू) के कार्यकताओं ने आज धामपुर कोतवाली का घेराव किया। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर यूनियन के कार्यकताओं ने थाने में धरना भी दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया। शिक्षक लोकेन्द्र सिंह पर कुछ अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया था। हमले के बाद शिक्षक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पीड़ित के परिवार ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी प्रदान किए थे, जिसमें हमलावरों के चेहरों की पहचान हो सकती थी, लेकिन अब तक पुलिस



ने किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भानू) के पदाधिकारी और कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर पुलिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकताओं का कहना था कि पुलिस ने उनकी शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया और आरोपियों को गिरफ्तार करने में कोई ठोस कदम नहीं उठाए। इस पर भाकियू कार्यकताओं ने कोतवाली में धरना शुरू कर दिया। सीओ धामपुर, सर्वम सिंह ने धरने पर बैठे भाकियू कार्यकताओं से बातचीत की। सीओ ने उन्हें आश्वासन दिया कि दो दिन के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

इसके बाद भारतीय किसान यूनियन (भानू) के कार्यकताओं ने सीओ को ज्ञापन सौंपा और कहा कि यदि दो दिन के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की जाती है, तो वे अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। ज्ञापन देने वालों में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चौहान, ठाकुर चेतन चौहान, अमित चौहान, बलराम सिंह, अखिलेश, कपिल कुमार, अवनीश कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# बीजेपी प्रत्याशी के प्रचार गुब्बारों से 4 बच्चे झुलसे

### दिल्ली में कैंट से भाजपा के बताए जा रहे प्रत्याशी, मेरठ के गांव में मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ में चौंकाने वाला मामला सामने आया है। फलावदा के बातनौर गांव में आसमान से बड़ी संख्या में गुब्बारे आते देखे तो बच्चे उनको लेने के लिए दौड़ पड़े। बच्चों ने जैसे ही गुब्बारों को छुआ तो वह फूट गए। चार बच्चे बुरी तरह झुलस गए। इस पूरे मामले से इलाके में हड़कंप मच गया। बच्चों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। उनका उपचार कराया गया। पूरे मामले में एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा का कहना है कि दिल्ली से भाजपा के कैंट विधायक प्रत्याशी के ये गुब्बारे बताए जा रहे हैं, पूरे मामले की जांच की जा रही है। अभी तक किसी परिजन की तरफ से तहरीर नहीं दी गई है। बातनौरनिवासी जोरेन, शादाब, समद और गुलफाम पशुओं के लिए चारा लेने के लिए जंगल गए थे। खेत में गुब्बारे पड़े हुए थे। उनके पास दिल्ली विधानसभा चुनाव के प्रत्याशी के पर्चे थे। जैसे ही उन्होंने गुब्बारे उठाए तो वह फटने लगे। चारों किशोर झुलस गए। गुब्बारे फटने की आवाज से गांव में अफरातफरी मच गई। लोग एकत्र हो गए। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंच गई। ग्राम प्रधान पति सजाउदीन, डॉ. शकील आदि ने बताया कि गुब्बारे यहां कैसे आए इसकी किसी को जानकारी नहीं है। गांव में इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। लोगों को कहना है कि प्रचार सामग्री के गुब्बारे आने से उसमें गैस भरी होने के कारण हादसा हुआ है। वहीं, पुलिस अभी किसी नतीजे पर नहीं है। एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा का कहना है कि चुनाव प्रचार सामग्री के गुब्बारे थे। वे फट गए। जिसके चलते कई किशोर घायल हुए हैं। उनका उपचार कराया जा रहा है। पूरे मामले में जांच की जा रही है।

# बुलंदशहर में पति पर भाभी से अवैध संबंध का आरोप

### पीड़िता से 10 लाख रुपए दहेज और लाने की डिमांड, पति सास–ससुर, जेठ–जेठानी पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, गुलावठी कोतवाली क्षेत्र की एक नव-विवाहिता ने अपने पति पर अवैध संबंध का गंभीर आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि उसके पति का अपनी भाभी के साथ नाजायज रिश्ता है। यह आरोप सुनकर न केवल उसके परिवार में, बल्कि पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। पीड़िता अन्नू की शादी 23 नवंबर 2023 को बुलंदशहर कोतवाली देहात क्षेत्र में हुई थी। नव-विवाहिता ने गुलावठी कोतवाली में पति, सास, ससुर, जेठ और जेठानी के खिलाफ दहेज में 10 लाख रुपये मांगने और प्रताड़ित करने की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि शादी में उसके परिजनों ने लगभग 15 लाख रुपये खर्च किए थे। इसके बावजूद ससुराल पक्ष ने 10 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग की। महिला का कहना है कि बच्चा न होने पर उसे तरह-तरह के ताने दिए जाते थे। गुलावठी पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर महिला की शिकायत पर पति, सास, ससुर, जेठ और जेठानी के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों पर धारा 498ए, 323, 504, 506 और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 व 4 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। गुलावठी पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, इस मामले ने क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना दिया है।

# गाजियाबाद में तेज रफ्तार बाइक बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराई

### हादसे में किशोरी की मौत, परिजनों ने युवकों पर लगाया किडनैप करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

मोदीनगर, गाजियाबाद के मोदीनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गांव अबूपुर स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने तेज रफ्तार बाइक बेकाबू होकर डिवाईडर से जा टकराई। हादसे में बाइक सवार 17 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। जबकि दो युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतका के परिजनों का आरोप है कि युवक किशोरी को बहला फुसलाकर ले जा रहे थे। नगर की बलवंतापुरा कॉलोनी निवासी उदय यादव अपनी पत्नी सविता पुत्री 17 वर्षीय अंजली यादव और दस वर्षीय पुत्र शिवम के साथ रहते है। बताया जा रहा है कि देर रात उनकी पुत्री अंजली मोनू



निवासी गांव अबूपुर से मोबाइल लाने की बात कहकर घर से निकली थी। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर किशोरी बाइक पर दो युवकों के साथ जा रही थी। जब वह दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गांव अबूपुर स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने पहुंची तो अचानक तेज रफ्तार बाइक बेकाबू होकर डिवाईडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक डैमेज हो गई और तीनों गंभीर रुप से घायल हो गए। तीनों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर अंजली यादव को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर हालत में युवकों को मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया है। किशोरी और युवक अलग-अलग समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। मृतका के जीजा आकाश कुमार निवासी गांव बेगमाबाद ने इस बारे में तहरीर दी है। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय का कहना है कि यह सड़क हादसा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अमेठी जिले के अस्पताल के वार्ड में लगेंगे रूम हीटर

## सभी सीएचसी पीएचसी में मरीजों को बांटे जाएंगे कंबल



अमन लेखनी समाचार

अमेठी में भीषण ठंड को देखते हुए मरीजों को बेहतर सुविधा देने के लिए अमेठी का स्वास्थ्य प्रशासन पूरी तरह से एक्टिव मोड में आ गया है। सीएमओ के निर्देश पर जिले के सभी सीएचसी और पीएचसी समेत जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को कंबलों का वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही वार्डों में रूम हीटर भी लगाए जाएंगे। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में अलाव को भी जलवाया जा रहा है ।दरअसल जिले में ठंड का प्रकोप शुरू हो गया है। ऐसे में अस्पतालों में भर्ती मरीजों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े इसके लिए स्वास्थ्य महकमा भी पूरी तरह से अलर्ट मोड में आ गया है। सीएमओ अंशुमान सिंह के निर्देश पर जिले के सभी सीएचसी पीएचसी और जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को ठंड से बचाव के लिए कंबलों का वितरण किया जा रहा है।

### तीमारदारों के लिए जलेंगे अलाव : सीएमओ



अमेठी सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया एक जिला अस्पताल व 13 सीएचसी और 30 पीएचसी हैं। सभी अस्पताल प्रभारियों को सख्त निर्देश दिया गया है कि अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को कंबल का वितरण किया जाए। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में अलाव को अनवरत जलाया जाए। एसएनसीयू-एमएनसीयू में रूम हीटर को भी लगाया गया है। मरीज को पूरी सुविधा मिले यह हमारा प्रयास है।

# वाराणसी से गुम हुए थे दोनों बच्चे, माता पिता पहुँचे सुल्तानपुर!



### जिम्मेदार अफसरों ने दी अभिभावकों को सुपुर्दगी!

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर रेलवे पुलिस के उप निरीक्षक सचिन को दो बच्चे 11 वर्ष मो. जाकिर( 9 वर्ष ) रेलवे स्टेशन पर लावारिस मिले ।जिन्हें प्रशांत, पूजा व रीता मौर्य के जरिये लावारिस बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया न्याय । जानकारी में आया कि बच्चों के माता-पिता ग्राम फारूकी नगर बजराडीह बनारस के हैं ।बच्चों को पाकर माता-पिता खुश हुए ।सुल्तानपुर में लिखा पढ़ी करके अभिभावकों के सुपुर्द किये गए दोनों बच्चे ।इस मौके पर अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेंद्र प्रसाद शुक्ला, न्यायिक मजिस्ट्रेट एस.एम पांडे, न्यायिक मजिस्ट्रेट सरिता यादव,मजिस्ट्रेट ममता मिश्रा व ओमप्रकाश तिवारी तथा विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालेंटियर सुभाष चंद्र आदि मौजूद रहे ।स्वतंत्र चेतना।

# पुरुष हैण्डबाल प्रतियोगिता का अम्बेडकर स्टेडियम में किया गया आयोजन

## लखनऊ मण्डल ने 37-25 से झांसी मण्डल को किया पराजित

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला खेल कार्यालय के उपक्रीड़ाधिकारी मो0 मोसर्रफ खॉ ने बताया कि खेल निदेशालय के निदेर्शानुसार प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर पुरुष हैण्डबाल प्रतियोगिता 17 दिसम्बर 2024 को जनपद के डॉ० भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिता के चौथे दिन एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में उपजिलाधिकारी न्यायिक पंकज श्रीवास्तव व विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी अमेठी विशू शुक्ला उपस्थित रहे। इस दौरान चौथे दिन सीनियर पुरूष हैण्डबाल प्रतियोगिता दो टीमों (टीम-ए) व (टीम-बी) के मध्य खेला गया जिसमें दोनों टीमों द्वारा खेले गये दो सेमीफाइनल तथा फाइनल मैच के तहत क्रमशः प्रथम सेमीफाइनल मैच में आजमगढ़ मण्डल ने 37-36 से अयोध्या मण्डल को एवं द्वितीय सेमीफाइनल मैच में लखनऊ मण्डल ने 37-25 से झांसी मण्डल को पराजित किया तथा फाइनल मैच में लखनऊ मण्डल ने 27-15 से आजमगढ़ मण्डल को हराकर टीम विजेता हुई। इस अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक परमेन्द्र सिंह, तौहीद खान, संयुक्त सचिय उ०प्र० हैण्डबाल संघ अमित पाण्डेय, उपक्रीडाधिकारी मो० मोसर्रफ खॉ व शमीम अहमद ने आये हुए अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के आयोजन में निर्णायक के रूप में प्रेम प्रकाश, संदीप राय, परमेन्दर सिंह, ब्रिजेश खरवार, पंकज यादव, सचिन शुक्ला, अमित कुमार पाण्डेय, सूर्यभान, जय सिंह, गोविन्द निषाद, विमलेश ध्रुव एवं उज्ज्वल ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

# सेंध काटकर चोरों ने उड़ाया लाखों का सामान

## किराने की दुकान में चोरी की घटना आई सामने

अमन लेखनी समाचार





सुल्तानपुर के कादीपुर में चोरों ने एक किराना दुकान को बीती रात निशाना बनाया है। नकब लगाकर दुकान में घुसे चोर यहां रखे दो लाख नगद और लाखों रुपए कीमत का सामान उठा ले गए हैं। इस घटना ने कादीपुर पुलिस की पेट्रोलिंग पर सवाल उठाए हैं। फिलहाल घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस अब जांच कर रही है ।कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के चौराहे पर पुलिस पिकेट से चंद कदम की दूरी पर बीती रात किराना दुकान पर लाखों की चोरी हुई है। कादीपुर पटेल चौक से सटी चांदा रोड पर प्रतिष्ठित किराना व्यापारी हरिगोविंद तिवारी की दुकान है। बताया जा रहा है कि बीती रात चोरों ने रोडवेज परिसर की तरफ पीछे से नकब लगाया और दुकान में घुस आए। यहां से चोर दो लाख रुपए नकद और सिगरेट तम्बाकू व अन्य सामान उठा ले गए।

### तहरीर के आधार पर होगी कार्रवाई

बड़ी बात यह है कि चौराहे पर पुलिस पिकेट मौजूद रहने के बावजूद चोरों ने यह दुःसाहसिक कारनामा पुलिस के नाक नीचे कर दिखाया। कादीपुर नगर क्षेत्र में पुलिस की कमजोरी कही जाए या चोरों के बुलन्द हौसले की दाद दी जाय नगर में हुई इस घटना से समूचे क्षेत्र में चर्चा का माहौल गर्म है। वहीं, कोतवाल एके सिंह ने बताया जानकारी हुई है पुलिस टीम ने जांच की है। तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी

# संवेदनशील स्थानों पर पुलिस का वाहन चेकिंग अभियान

अमन लेखनी समाचार

अमेठी पुलिस के पर्यवेक्षण में, ᄆमिशन शक्तिᄆ नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं व बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण तथा आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद के थानों द्वारा पुलिस बल के साथ अपने-अपने थानाक्षेत्र में भीड़भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त किया गया तथा विशेष चेकिंग अभियान चलाकर मुख्य मार्गों, हाइवे, चौराहों, रेलवे स्टेशन एवं शराब की दुकानों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की गयी।

# हड़बड़ी और तेज रफ्तार के प्रति दीवानगी में बहुत कुछ..!!

## जल्दीबाजी में बहुत कुछ छूटता दिख रहा

अमन लेखनी समाचार

आज हमारे आसपास हड़बड़ी और तेज रफ्तार के प्रति दीवानगी में बहुत कुछ छूटता दिख रहा है। मगर हमारे पूर्वजों में गजब का धैर्य था। वे किसी एक बात के लिए घंटों, महीनों की प्रतीक्षा करने में भी निपुण थे। हालांकि वे अपने कर्म के प्रति आश्वस्त रहते थे। उन्हें किसी प्रकार का भ्रम नहीं रहता था। आज हम भ्रम के वशीभूत होकर भ्रमर की तरह भटक रहे हैं। कथाओं में दर्ज है कि हमारे ऋषि-मुनि वर्षों तक धैर्यपूर्वक तप करते थे, तब जाकर उन्हें ज्ञान की प्राप्ति होती थी। एक संदर्भ की बात करें तो तो भगवान कृष्ण गजब के धैर्यवान थे। अधीरता उन्हें विचलित नहीं कर पाती थी। ᄆमहाभारतᄆ में उनके धैर्य के बारे में पढ़ा जा सकता है। शिशुपाल की एक सौ गालियों और अपमान को वे धैर्यपूर्वक सुनते रहे। इस बीच उन्होंने स्वयं को विचलित नहीं होने दिया ।इसी प्रकार भगवान राम धैर्य के जीवंत प्रतिमान थे। उन्होंने माता कैकई द्वारा दिए गए वनवास को धैर्यपूर्वक स्वीकारा। माता-पिता की अवज्ञा नहीं की। उनके प्रति मन में दुर्भावना नहीं पाली। आज हम राम और कृष्ण की भक्ति को लेकर तो बहुत संवेदनशील होते हैं, मगर उनसे उनके गुणों को अंगीकार करने को लेकर उदासीन रहते हैं। धैर्य का गुण हमें जीवन में गंभीरता, जीवट और जिजीविषा जैसे गुणों का सान्निध्य प्रदान कराता है। अगर हमारे भीतर धैर्य नहीं, तो हम इन गुणों का सामीप्य प्राप्त नहीं कर सकते ।वर्तमान पीढ़ी के भीतर धैर्य का लोप होता जा रहा है। उनके भीतर सब कुछ बहुत जल्द प्राप्त करने की प्रबल इच्छा है। यह पीढ़ी रातों रात धन-वैभव से समृद्ध होना चाहती है। इस सबके पीछे आज की जीवनशैली का बड़ा हाथ है। आज हम सभी चकाचौंध के पीछे भाग रहे हैं। दूसरे को देखकर हम भी उन्हीं के जैसा हो जाना चाहते हैं। बड़ी गाड़ी, बड़ा बंगला, अकूत संपति सब कुछ हमें चाहिए। भले ही इसके लिए हमें अनीति का सहारा ही क्यों न लेना पड़े। हमें समझना होगा कि सफलता का कोई संक्षिप्त रास्ता नहीं होता। हम किसी लघु मार्ग पर चलकर दीर्घकालीन सफलता के सपने नहीं बुन सकते। यह सब बेईमानी होगी। हमें बचपन से ही अपने बच्चों को यह सब बताना होगा कि धैर्यपूर्वक परिश्रम करके प्राप्त की गई सफलता स्थायी होती है। अगर हमने धैर्य खो दिया तो निश्चित ही हम अनीति के मार्ग पर चलने लगेंगे। फिर वह मार्ग आगे चलकर दलदल का रूप ले लेता है, जो दलदल हमें अवनति के मार्ग पर बहुत नीचे धकेल देता है।

# सेक्रेड हार्ट चर्च के सदस्यों ने कैरल सिंगिंग कर दिया सद्भावना का संदेश



अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

झाँसी। ईसाई धर्म के पवित्र त्यौहार क्रिसमस के पूर्व रोमन कैथलिक संप्रदाय के सेक्रेड हार्ट चर्च के अनुयायी चर्च के फादर मैथ्यू एडोपोलिल के साथ संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पहुंचे, जहाँ कैरल सिंगिंग के साथ नववर्ष एवं ईसा मसीह के जन्म के पूर्व सभी को शुभकामना संदेश दिया, कुछ लोग इस अवसर पर सांता क्लॉज का भेष रखकर पहुंचे। इस अवसर पर डॉ० संदीप ने कहा प्रत्येक धर्म हमें सत्य पर चलने का रास्ता दिखाता है हमें प्रत्येक धर्म की अच्छाइयों को ग्रहण करना चाहिए जन्म के समय हम मनुष्य मात्र होते हैं उसके बाद धार्मिक संस्कार ग्रहण किए जाते हैं धर्म से पूजा पाठ की पद्धतियां बदल जाती है लेकिन सामाजिक रूप से सभी समान हैं। इस अवसर पर जिम्मी जेम्स, माही, एलिसा डेनियाल, ईशा जूडो, रेचल, रीनी, रीची, रौनक, साई, जेवेया, मीना मसी, सुमन वर्मा, मास्टर मुन्नालाल, सुशांत गुप्ता, राजू सेन, अरुण पांचाल, आशीष विश्वकर्मा, राकेश अहिरवार, बसंत गुप्ता, अंकित गुप्ता, महेन्द्र गुप्ता, अमन गुप्ता, शांति गुप्ता, खुशी गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# सुलतानपुर में चार हत्यारोपियों को 10 साल की सजा

## 2012 में हुई थी घटना, 68 हजार रुपये का जुर्माना



अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर में एक पुराने जमीन विवाद के मामले में एडीजे नीरज कुमार ने चार दोषियों को दस-दस साल की सजा सुनाई है। ये चार आरोपी एक वृद्ध महिला की हत्या में शामिल थे। साथ ही, उन पर 68 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। यह घटना गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के मठिया बहादुरपुर गांव की है। आरोपियों में चार सदस्य हैं, जिनमें माता-पिता और दो बेटे शामिल हैं ।सहायक शासकीय अधिवक्ता संदीप सिंह ने बताया कि 19 जून 2012 को भगवत प्रसाद ने एफआईआर दर्ज कराई थी। इस एफआईआर में बताया गया था कि उनकी पत्नी जमुना देवी और साली विमला देवी के कोई भाई नहीं थे। पिता की मृत्यु के बाद वे मायके में रहकर अपनी मां भूखा देवी की सेवा करती थीं। उनके पट्टीदार उन्हें वहां से भगा कर उनकी जमीन और मकान हड़पना चाहते थे।

### रंजिश में वृद्ध महिला की हत्या

इस मामले में रंजिश को लेकर जब दोनों बहनें घास लाकर दरवाजे पर रख रही थीं, तभी काशी राम, उनकी पत्नी गुड्डा देवी, बेटे अच्छेलाल और छोटेलाल लाठी, डंडे और कुल्हाड़ी लेकर आए और गाली देते हुए उन पर हमला कर दिया। जब वृद्ध महिला भूखा देवी ने बीच-बचाव किया, तो उसे भी मारा गया और वह घायल होकर गिर पड़ी। घायल विमला और अन्य लोगों को अस्पताल भेजा गया, लेकिन भूखा देवी की मौत हो गई।

### साक्ष्य के आधार पर दोषियों को सजा

मुकदमा चला और अभियोजन ने आठ गवाहों को परीक्षित किया। साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने चारों आरोपियों को दोषी ठहराया और उन्हें दस साल की सजा सुनाई। इसके अलावा उन्हें 68 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया। बुधवार को इन दोषियों को जेल भेज दिया गया है, जहां वे अपनी सजा काटेंगे।

# जिलाधिकारी ने तहसील सदर का किया औचक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर ।जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने तहसील सदर का भ्रमण कर वहाँ स्थित विभिन्न पटलों/ कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। तहसील परिसर के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश संबंधित को दिए। इस मौके पर जिलाधिकारी ने तहसील के विभिन्न पटलो के कर्मचारियों से उनके कार्यों के बारे में जवाब तलब किया तथा कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी समय से कार्यालय आकर अपने कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील परिसर में समुचित ढंग से साफ सफाई रखी जाए । उन्होने कहा कि कर्मचारियों द्वारा सम्पादित किये जाने वाले सभी कार्यों का अच्छे ढंग से अभिलेखीकरण किया जाय तथा अभिलेखो का रखरखाव बेहतर ढंग से रखे ।इस मौके पर उन्होने फौजदारी कक्ष, अभिलेखागार, तहसीलदार कोर्ट ,भूलेख सहित अन्य पटलों का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न रजिस्टरो यथा वसूली रजिस्टर, दैनिक स्मृति पंजिका आदि का अवलोकन किया तथा अभिलेखागार में सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगवाने के निर्देश संबंधित को दिए। इस अवसर पर एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक, तहसीलदार ,नायब तहसीलदार, तहसील नाजिर, विभिन्न पटलों के कर्मचारी तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली सम्मिलित राज्य /प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा की तैयारियों के संबंध में हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर ।उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 22 दिसंबर 2024 को आयोजित की जाने वाली सम्मिलित राज्य /प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2024 की तैयारियों के संबंध में समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट व स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, सह केन्द्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक,रिजर्व कक्ष निरीक्षक के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर समस्त सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट , केन्द्र व्यवस्थापक, सह केन्द्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक,रिजर्व कक्ष निरीक्षक तथा परीक्षा के कार्य में लगाए गए अन्य संबंधित अधिकारियों को सम्मिलित राज्य ध्प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2024 को नकलविहीन, शांतिपूर्ण व निर्विघ्न रूप से संपन्न कराए जाने हेतु परीक्षा की बारीकियो के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने जनपद के सभी परीक्षा केंद्र की विभिन्न व्यवस्थाओं यथा सीटिंग प्लान ,लाइट की व्यवस्था ,शौचालय ,पानी ,हेल्प डेस्क, सीसीटीवी ,जनरेटर,सुरक्षा व्यवस्था ,उचित प्रकाश की व्यवस्था के बारे में सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट से पूछताछ कर उसके संबंध में जरूरी निर्देश दिए।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली पीसीएस परीक्षा के अंतर्गत संपादित किए जाने वाले सभी कार्य आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के अनुसार/नियमानुसार किया जाए इसमें किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें। कहा कि परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने में लगाए गए सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, सह केन्द्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक,रिजर्व कक्ष निरीक्षक तथा अन्य संबंधित के द्वारा आयोग के दिशा निर्देशों का भली भांति अवलोकन कर लिया जाए।

इस मौके पर एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर, एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव ,लोक सेवा आयोग के प्रतिनिधि मनोज यादव सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत डीएम ने चयनित डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र का किया वितरण



अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने कलेक्ट्रेट कक्ष में संविदा के आधार पर चयनित 10 डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। सभी चयनित डॉक्टरों को निष्ठा तथा पूर्ण ईमानदारी से काम करने के निर्देश दिए गए। नियुक्ति पत्र पाने वाले क्रमशः डॉ0 राहुल आर्या आयुष चिकित्सक,डॉ0 अर्चना प्रजापति आयुष चिकित्सक,डॉ0 रचना निगम आयुष चिकित्सक, डॉ0 वीरेन्द्र सिंह राजपूत चिकित्साधिकारी, डॉ0 अमित कुमार चिकित्साधिकारी, डॉ0 अरूण कुमार चिकित्साधिकारी, डॉ0 मोहित सिंह चिकित्साधिकारी, डॉ0 अन्जू नागवंशी चिकित्साधिकारी, अलंक्रिता गुप्ता चिकित्साधिकारी, डॉ0 सुबोध मिश्रा डेन्टल सर्जन थे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) सुरेश कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी गीतम सिंह अन्य संबंधित उपस्थित रहें।

# भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के काव्य पर हुई प्रतियोगिता

अमन लेखनी समाचार

राठ (हमीरपुर)। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म शताब्दी कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज ब्रह्मानंद महाविद्यालय, राठ के वनस्पति विज्ञान विभाग में श्री वाजपेई जी के जीवन वृत्त एवं उनकी प्रमुख कविताओं पर आधारित एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का प्रारंभ स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। निर्णायक की भूमिका में डॉ ऋषि कुमार शर्मा एवं डॉ विजय प्रताप गौतम ने प्रतिभागियों की समय सीमा, काव्य शैली और विषय वस्तु को ध्यान में रखते हुए परिणाम की घोषणा की। जिसमें बृजेश पाठक (M.Sc एग्रीकल्चर) ने प्रथम स्थान, ज्योति कुमारी (BSc तृतीय सेमेस्टर) ने द्वितीय स्थान व अजय कुमार त्रिपाठी (BSc तृतीय सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुरेंद्र सिंह सहित डॉ डी. सिंह, डॉ ए एन शुक्ला, डॉ ऋषि कुमार शर्मा, डॉ वी पी गौतम, डॉ जे साहू ,डॉ आर बी शर्मा व डॉ शीला सिंह आदि प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स



क्रिसमस आते ही बच्चों को याद आते हैं अपने प्यारे सांता क्लॉज, जो उनकी विशेज पूरी करते हैं, उन्हें खुशी देते हैं। बालभूमि ने टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स से पूछा, अगर क्रिसमस पर रियल सांता क्लॉज उनके सामने आ जाएं तो वे उनसे क्या विशेज और गिफ्ट्स मांगेंगे? इन चाइल्ड आर्टिस्ट्स ने बड़े दिलचस्प जवाब दिए। बच्चों, जानों इन्होंने क्या जवाब दिए।

# अगर सामने आ जाएं सांता क्लॉज मांगेंगे ये विशेज-गिफ्ट्स

## मैं सांता से मांगूंगी सबकी खुशी
### तेजस्विनी सिंह



**एंड टीवी** के शो 'भीमा' में लीड रोल निभा रही तेजस्विनी सिंह सांता क्लॉज से सिर्फ अपने लिए ही विशेज नहीं मांगेगी बल्कि औरों की खुशियों के लिए भी विशेज मांगेगी। तेजस्विनी कहती है, 'मैं सांता से विश मांगूंगी कि पूरी दुनिया में प्यार और शांति बनी रहे। कहीं कोई लड़े नहीं। हर जगह दोस्ती और खुशी बनी रहे। जहां तक सांता क्लॉज से गिफ्ट मांगने की बात है तो मैं उनसे एक बड़ा-सा टेडी बियर, ढेर सारी चॉकलेट्स और अपनी पसंदीदा किताबें मांगूंगी। अगर सांता मुझे एक ऐसी मैजिक पेंसिल दे दें, जिससे मैं जो भी ड्रॉ करूं, वो असलियत में बन जाए। वाह! सोचो जरा ऐसा हो जाए तो कितना मजा आएगा!' *

## मांगूंगा मैजिक शो का टिकट : कविश खुंगर



**शेमारू उमंग** के शो 'मैं दिल तुम धड़कन' में कान्हा का किरदार निभाने वाला कविश खुंगर क्रिसमस और सांता क्लॉज को लेकर काफी उत्साहित है। वह कहता है, 'क्रिसमस के दिन अगर सांता मेरे सामने आ जाएं, तो मैं उनसे गिफ्ट्स में अपनी फेवरेट चॉकलेट्स, आइसक्रीम और खिलौने मांगूंगा। मैं सांता से एक ऐसे मैजिक शो का टिकट भी मांगूंगा, जहां जादूगर अपनी छड़ी घुमाकर, हम जो चाहें वो हाजिर कर दे। इतना ही नहीं, इस बार क्रिसमस पर मैं अपने प्यारे सांता क्लॉज से अपनी फेवरेट वीडियो गेम भी मांगूंगा। मैं अपनी मम्मी से कहकर सांता के लिए बहुत ही टेस्टी केक बनवाऊंगा। मैं अपने क्रिसमस ट्री के पास चॉकलेट्स, केक और आइसक्रीम भी रख दूंगा ताकि जब वो रात में मुझे गिफ्ट्स देने आएं तो मैं भी अपनी तरफ से एक खास ट्रीट देकर उन्हें क्रिसमस विश करूं।' *

## मैं सांता से मांगूंगी जादुई ताकत : वृहि कोडवारा



**सोनी सब** के पॉपुलर शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में स्वरा पटेल की भूमिका निभाने वाली चाइल्ड आर्टिस्ट वृहि कोडवारा को इन दिनों दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। वृहि से जब पूछा गया कि क्रिसमस के दिन अगर सामने सांता क्लॉज आ जाएं, तो वह उनसे क्या-क्या विशेज मांगेगी तो उसने बताया, 'अगर क्रिसमस पर सांता क्लॉज मेरे पास आएं, तो मैं उनसे एक जादुई ताकत मांगूंगी, जिससे मैं पंछी की तरह उड़कर पूरी दुनिया को ऊपर से देख सकूं। मैं उनसे एक स्पेसशिप भी मांगूंगी, ताकि मैं ब्रह्मांड की सैर कर सकूं, तारों और ग्रहों को करीब से देख सकूं और नई-नई जगहों की खोज कर सकूं। मैं सिर्फ अपने लिए ही नहीं, बाकी बच्चों के लिए भी सांता क्लॉज से विशेज मांगूंगी ताकि सभी बच्चे अपने सपने पूरे कर सकें, खुश रहें।' *

प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स

## कभी ना खत्म होने वाली कैंडी मांगूंगा : कविश चौहान



**सन नियो** के शो 'छठी मैया की बिटिया' में वैष्णवी के भाई शैशव का किरदार निभा रहे कविश चौहान, सांता क्लॉज से एक नहीं, कई गिफ्ट्स मांगेगा। क्या-क्या गिफ्ट्स मांगेगा, कविश बताता है, 'अगर सांता क्लॉज मेरे सामने आ जाएं तो मैं उनसे सबसे पहले एक रिमोट कंट्रोल गाड़ी मांगूंगा, वह मुझे बहुत पसंद है। फिर मैं उनसे कहूंगा कि मुझे ढेर सारी चॉकलेट और ऐसी कैंडी चाहिए, जो कभी खत्म ना हो। एक बड़ा सा खिलौने वाला रोबोट भी मांगूंगा, जो मेरा होमवर्क कर दे। साथ ही सांता क्लॉज से कहूंगा कि मेरे लिए एक जादुई किताब लाएं, जिसे पढ़कर मैं अपनी सारी विशेज पूरी कर सकूं, अपने सभी दोस्तों को गिफ्ट दे सकूं।' *

## मांगूंगी भलाई करने की ताकत
### अस्मि देव



**जी टीवी** के शो 'जागृति - एक नई सुबह' में जागृति का रोल निभाने वाली चाइल्ड आर्टिस्ट अस्मि देव के सामने क्रिसमस पर सचमुच सांता क्लॉज आ जाएं तो वह यही विशेज मांगेगी कि दुनिया में किसी को कोई तकलीफ ना हो। उनकी सारी परेशानियां दूर हो जाएं। अस्मि देव कहती है, 'मैं सांता से यह विश मांगूंगी कि मुझे ऐसी ताकत दें कि परेशान-दुखी लोगों की जिंदगी आसान बना सकूं। जिस तरह मेरे शो 'जागृति-एक नई सुबह' में मेरा कैरेक्टर जागृति हमेशा दूसरों के हक के लिए लड़ती है, वैसे ही मैं भी हर बच्चे को उसकी शिक्षा का हक दिला सकूं। मैं जानती हूं कि शिक्षा कितनी जरूरी है, इसलिए मेरी सबसे पहली विश यही होगी कि दुनिया में कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना हो। उसका भविष्य उज्ज्वल हो।' *

जानकारी / डॉ. अलका जैन 'आराधना'

## क्रिसमस और सांता क्लॉज से जुड़ी रोचक बातें

बच्चों, क्रिसमस हर साल 25 दिसंबर को मनाया जाता है। वैसे तो यह ईसाई धर्म का प्रमुख पर्व है, लेकिन आज इसे पूरी दुनिया में हर धर्म और समुदाय के लोग बड़े उत्साह-उमंग से मनाते हैं। इस दिन प्रभु यीशु का जन्म हुआ था, लोग उनके जन्मोत्सव को बहुत ही हर्षोल्लास से मनाते हैं। यीशु ने दुनिया को दया, करुणा और प्रेम का संदेश दिया।

**क्रिसमस शब्द का अर्थ:** इस पर्व का नाम 'क्रिसमस' दरअसल 'क्राइस्ट' और 'मास' शब्दों से मिलकर बना है। यहां 'क्राइस्ट' का अर्थ यीशु मसीह और 'मास' का अर्थ पूजा या प्रार्थना है।

**कौन है सांता क्लॉज:** क्रिसमस का जिक्र हो और लाल कपड़े पहने लंबी सफेद दाढ़ी वाले बच्चों के फेवरेट सांता क्लॉज की बात ना हो, यह कैसे हो सकता है! मान्यताओं के अनुसार, हम सभी जिसे सांता क्लॉज के रूप में जानते हैं, वो दरअसल तीसरी शताब्दी के आस-पास मायरा (वर्तमान तुर्की) में रहने वाले संत निकोलस थे। वे गरीबों और बच्चों को गुपचुप तरीके से उपहार देते थे। अपनी दयालुता और उदारता के कारण वह काफी प्रसिद्ध हो गए। संत निकोलस की यह छवि धीरे-धीरे सांता क्लॉज के रूप में बन गई।

**क्रिसमस का संदेश**

क्रिसमस का पर्व हमें प्यार, करुणा और दूसरों के साथ खुशी बांटने का संदेश देता है। सांता क्लॉज की कहानी हमें



यह सिखाती है कि दूसरों की मदद करना और खुशियां बांटना बहुत बड़ी नेकी का काम है। चाहे बच्चा हो या बड़ा, यह त्योहार सबके जीवन में नई उमंग और सकारात्मकता लाता है।

**कहां रहते हैं सांता क्लॉज:** ऐसा माना जाता है कि सांता क्लॉज का घर उत्तरी ध्रुव (नॉर्थ पोल) में है। वहां वे आज भी अपनी टीम के साथ रहते हैं। उनकी टीम में उनकी प्यारी पत्नी और ढेर सारे एल्फ्स (बौने) शामिल हैं। ये एल्फ्स उनके सहायक हैं, जो बच्चों के लिए खिलौने और उपहार बनाते हैं।

**सांता ऐसे देते हैं बच्चों को गिफ्ट्स:** प्रचलित मान्यताओं के अनुसार सांता क्लॉज के पास एक जादुई रथ (स्लेज) है, जिसे उड़ने वाले रेनडियर (बारहसिंगा) खींचते हैं। यह रथ सांता को दुनिया भर के बच्चों तक पहुंचने में मदद करता है। कहा जाता है कि क्रिसमस की रात जब बच्चे सो रहे होते हैं, सांता उनके घर की खिड़की या चिमनी से आकर उपहार दे जाते हैं।

**सांता को क्या पसंद है:** माना जाता है कि सांता क्लॉज को दूध, मिठाइयां और कुकीज बेहद पसंद हैं। बच्चे क्रिसमस की रात क्रिसमस ट्री के नीचे उनके लिए कुकीज और दूध रखते हैं। सांता जब देर रात बच्चों को गिफ्ट्स देने आते हैं, तो बच्चों द्वारा रखी गई चीजें खाते-पीते हैं और खुशी-खुशी वापस अपनी दुनिया में चले जाते हैं। *

## जीके क्विज-133



1. शतरंज के सबसे युवा 'वर्ल्ड चैंपियन' कौन बने हैं?
2. भारत के वर्तमान रक्षा मंत्री कौन हैं?
3. दुनिया का सबसे बड़ा चर्च (सेंट पीटर्स) कहां स्थित है?
4. ऑपरेशन फ्लड के सूत्रधार कौन थे?
5. पहली बार विश्व ध्यान दिवस कब मनाया जाएगा?
6. स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय गवर्नर कौन बने?
7. द 'ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया' के नाम से किसे जाना जाता है?
8. हमारे शरीर के रक्त में कौन सा धातु तत्व पाया जाता है?
9. सूर्य के सबसे निकट का ग्रह कौन-सा है?
10. किस पुरस्कार को 'एशिया का नोबेल पुरस्कार' कहा जाता है?

बच्चों, जीके क्विज-132 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।

**जीके क्विज-132 का उत्तर :** 1.देवेंद्र फडणवीस, 2.रातापानी वन्यजीव अभयारण्य, 3.बंडारू दत्तात्रेय, 4.व्लादिमीर पुतिन, 5.बृहस्पति, 6.विटामिन सी, 7.हैदराबाद, 8.चार वर्ष, 9.विटामिन डी, 10.जी.वी. मावलंकर

**जीके क्विज-132 का सही उत्तर देने वाले :** डिंपल-बिलासपुर, ज्योति-कोरबा, प्रांजल-रायगढ़, रमेश-कोरबा, कबीर-हिसार, अमन-कोरबा, तृप्ति-रायपुर, मनीषा-ईमेल से, शुभम-जबलपुर, गोपाल-ईमेल से, रोहन-दुर्ग

## बूझो तो जानें



1
मरियम की संतान हैं
कहते सब भगवान हैं
पच्चीस दिसंबर को जन्मे
यह उनकी पहचान है।



2
प्रार्थना करते शीश झुकाते
मोमबत्तियां साथ जलाते
क्रॉस वाले पूजाघर को
रविवार पर खास सजाते।

3
चढ़ कर सूली जिनका बेटा
मां का नाम अमर कर गया
त्योहार की शुभ कामना में
मां का नाम पहले जुड़ गया।

- आशा शर्मा

उत्तर :1. ईसा मसीह 2. चर्च 3.मदर मैरी

कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

**माइकल ने पापा से क्रिसमस गिफ्ट के रूप में स्पोर्ट्स शूज की डिमांड की, पापा इसके लिए तैयार भी हो गए। लेकिन तभी माइकल की नजर एक लड़के पर पड़ी, इसे देखकर और इसके बारे में जानकर माइकल का मन बदल गया। उसने पापा से अपनी डिमांड बदलने की रिक्वेस्ट की। माइकल ने पापा के सामने नई डिमांड क्या रखी, क्या उसकी यह डिमांड पूरी हुई?**

## क्रिसमस का उपहार



क्रिसमस का त्योहार आने वाला था। माइकल के स्कूल में इन दिनों विंटर वेकेशन चल रही थीं। एक दिन सुबह के समय पापा के साथ पार्क में सैर करके वह घर लौट रहा था। चलते-चलते वह पापा से क्रिसमस मनाने की तैयारियों के बारे में बातें करने लगा। क्रिसमस के मौके पर माइकल के पापा हर साल सांता क्लॉज बनकर बच्चों को उपहार बांटते हैं। बातचीत के दौरान माइकल ने पापा से कहा, 'पापा, इस क्रिसमस पर आप सांता क्लॉज बनकर मुझे उपहार में नए स्पोर्ट्स शूज दीजिएगा।'

'पर तुम्हारे जो स्पोर्ट्स शूज हैं, वह ठीक तो हैं! अभी पिछले साल ही तो लिए थे।' माइकल के पहने हुए शूज की ओर देखते हुए पापा बोले।

'नहीं पापा! मैं बोर हो गया हूं इन स्पोर्ट्स शूज को पहन-पहन कर। मुझे तो बढ़िया वाले शूज चाहिए, जो उस दिन मॉल में देखे थे!' माइकल ने मचलते हुए कहा।

'ठीक है बेटा, मिल जाएंगे तुम्हें वही वाले स्पोर्ट्स शूज, क्रिसमस के दिन।' पापा ने हामी भर दी। यह सुनकर माइकल खुशी से उछल पड़ा, लेकिन तभी माइकल की नजर सामने से आ रहे एक लड़के पर पड़ी, जो उम्र में उससे दो-तीन साल बड़ा था। उस लड़के ने एक हाथ में अखबारों का ढेर उठाया हुआ था। वह लोगों के घरों में अखबार बांटते हुए आ रहा था। उस लड़के को देखकर माइकल ने पापा से कहा, 'पापा, यह तो वही लड़का है, जिसे मैं स्कूल बस की खिड़की से देखता हूं। अपना बस्ता उठाकर भागते हुए यह स्कूल जा रहा होता है, जैसे लेट हो गया हो।'

'यही लड़का तो हमारे घर में भी अखबार देता है। बड़े गरीब घर का है। इसके पापा भी बहुत बीमार रहते हैं। सुबह अखबार बांटने का काम करने के कारण यह लड़का स्कूल के लिए लेट हो जाता होगा।' पापा ने बताया।

तब तक वह लड़का उन दोनों के पास आ पहुंचा था। उसने माइकल के पापा को नमस्ते किया। माइकल उस लड़के से बोला, 'भैया, अगर तुम साइकिल से ये अखबार बांटो तो तुम्हारा काम जल्दी खत्म हो जाएगा। फिर तुम स्कूल के लिए भी लेट नहीं हुआ करोगे।'

माइकल की बात सुनकर वह लड़का बोला, 'साइकिल तो चलानी आती है मुझे, पर मेरे पास साइकिल है ही नहीं। साइकिल खरीदने में तो बहुत पैसे लगते हैं ना।' यह कहते हुए वह लड़का आगे बढ़ गया।

तभी माइकल के दिमाग में एक बात आई, वह पापा से बोला, 'पापा, क्रिसमस पर मुझे स्पोर्ट्स शूज देने की बजाय क्यों ना आप इस लड़के को साइकिल उपहार में दे दें?'

माइकल का सुझाव सुनकर पापा खुश हुए, बोले, 'हां, ठीक है। तुम्हारे शूज तो सही हैं। इन्हें तो अगले कई महीनों तक चला सकते हो तुम। इस लड़के को साइकिल उपहार में दे देंगे।'

क्रिसमस वाले दिन सुबह के समय माइकल अपने घर की छत पर खड़ा होकर उस लड़के के आने की राह देख रहा था। जैसे ही अखबार उठाए हुए वह लड़का उसे दूर से आता दिखाई दिया, उसने नीचे आंगन में सांता क्लॉज बनकर खड़े पापा को बता दिया। पापा उपहार वाली साइकिल लेकर तुरंत घर से बाहर निकल आए और उस दिशा में बढ़ गए, जिधर से वह लड़का आ रहा था। जैसे ही पापा उस लड़के के पास पहुंचे, उन्होंने उसे 'मैरी क्रिसमस' कहकर शुभकामनाएं दीं और साइकिल का उपहार थमाते हुए उससे बोले, 'इस साइकिल की मदद से तुम अखबार बांट लिया करो।'

उपहार में साइकिल पाकर उस लड़के की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसने सांता क्लॉज बने माइकल के पापा को 'थैंक यू वैरी मच, सांता!' कहा। फिर उसने हाथ में उठाए अखबारों को साइकिल पर रखा और अखबार बांटने के लिए आगे बढ़ गया।

घर की छत से यह सब देखते हुए माइकल बहुत खुश हो रहा था। कुछ देर बाद माइकल अपने कमरे में आया तो उसके बिस्तर के सिरहाने के नीचे से झांकता हुआ एक पैकेट दिखाई दिया। उसने वह पैकेट खोला।

उसमें माइकल की मनपसंद चॉकलेट का बड़ा डिब्बा था। साथ में एक छोटा-सा पत्र भी था, जिसमें लिखा था कि सांता क्लॉज की तरफ से यह विशेष उपहार माइकल को इसलिए दिया जा रहा है, क्योंकि उसने अपने शूज लेने के बजाय एक गरीब लड़के को साइकिल देने के लिए कहा।

माइकल यह विशेष उपहार पाकर खुशी से फूला नहीं समा रहा था। वह दौड़कर सांता क्लॉज बने पापा के गले लग गया। *

कविता
नागेश पांडेय 'संजय'



## हैप्पी क्रिसमस

हैप्पी क्रिसमस की देखो जी,
शुरू हुई तैयारी।
बन रहे पकवान न्यारे,
देखिए तो ढेर सारे।
नए कपड़े आ गए हैं,
सभी के मन भा गए हैं।
क्रिसमस ट्री तैयार हो रहा,
सजी झांकियां प्यारी।
सैम गुब्बारे फुलाता,
और डेविड गीत गाता।
सफाई कर रहे डैडी,
अहा! रिंगिंग बेल रेडी।
आज सभी को गिफ्ट मिलेंगे,
हां जी, बारी-बारी।
त्याग का त्योहार आया,
हर हृदय में प्यार छाया।
आज दादी और नानी,
सुनाएंगी कुछ कहानी।
ईशा की गाथाएं सुनकर,
होंगे सब आभारी।
हैप्पी क्रिसमस की देखो जी,
शुरू हुई तैयारी।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां सांता क्लॉज के एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। वैसे तो ये दोनों चित्र दिखने में एक जैसे हैं, लेकिन इनमें 8 अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।



उत्तर: 1.सांता क्लॉज की स्लेज गाड़ी के निचले हिस्से में एक एक्स्ट्रा सपोर्ट-रॉड लगा हुआ है। 2.स्लेज के पिछले हिस्से की डिजाइन अलग है। 3.स्लेज के बैक-सपोर्ट में बनी हुई आकृति में एक एक्स्ट्रा लाइन है। 4.सांता के बेल्ट का बकल पूरा पीला है। 5.रेनडियर की नाक पीली है। 6.रेनडियर की दाईं तरफ एक एक्स्ट्रा हॉर्न है। 7.रेनडियर के गले में लगे पट्टे में सामने की तरफ पीले रंग की बटन लगी है। 8.रेनडियर के पिछले बाएं पैर के खुर की बनावट अलग है।

## सही रास्ता खोजो

बच्चों, यहां दिए गए चित्र में स्टार्ट प्वॉइंट से लेकर फिनिश प्वॉइंट यानी सांता क्लॉज तक पहुंचने के टेढ़े-मेढ़े कई रास्ते हैं। रास्ते में क्रिसमस से जुड़े कई सारे गिफ्ट आइटम्स रखे हुए हैं। तुम्हें उस रास्ते पर चलना है, जिससे इन सभी गिफ्ट्स को कलेक्ट करते हुए सांता तक पहुंच सको।




## एक अलग चित्र को ढूंढो

बच्चों, यहां क्रिसमस सेलिब्रेशन से जुड़े दिए गए चित्रों में एक को छोड़कर बाकी सभी चित्र पेयर यानी जोड़े में हैं। एक मात्र चित्र ऐसा है, जिसका सेम पेयर नहीं है। तुम्हें उस अकेले चित्र को खोजना है।

